卐 श्री सद्गुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंध्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 195 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦22 अप्रैल 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# गंगोत्री-यमुनोत्री धाम के खुले कपाट

## मुख्यमंत्री धामी ने गंगोत्री धाम पहुंचकर लिया मां गंगा का आशीर्वाद, हॉलीकाप्टर से हुई पुष्पवर्षा

उत्तरकाशी(उद संवाददाता)। अक्षय तृतीया के मौके पर गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ ही चारधाम यात्रा का विधिवत श्रीगणेश हो गया है। शनिवार को अक्षय तृतीय के पावन पर्व पर गंगोत्री धाम व यमुनोत्री धाम के कपाट विधिवत हवन, पूजा-अर्चना, वैदिक मंत्रोच्चरण एवं धार्मिक रीति-रिवाज साथ खोले गए। गंगोत्री के कपाट 12:35 मिनट पर जबकि यमुनोत्री के कपाट 12:41 मिनट पर खुले। मां गंगा की भोगमूर्ति और छड़ी गंगोत्री धाम में विराजमान हुई। पुष्प वर्षा के साथ सीएम धामी ने तीर्थयात्रियों का स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी इस मौके पर धाम पहुंचे और गंगा पूजन किया। पूजा-अर्चना के बाद विधिवत रूप से सीएम की मौजूद में गंगोत्री धाम के कपाट खोले गए। इसके बाद यमुनोत्री धाम के कपाट खुले। गंगोत्री धाम की पूजा में खुद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से संकल्प लिया। जबकि यमुनोत्री धाम में उपजिलाधिकारी जितेंद्र कुमार शामिल हुई। शनिवार **( शेष पेज सात पर )**





# अकीदत के साथ मनी ईद, अमन चैन की दुआ

रूद्रपुर/हल्द्वानी(उद संवाददाता)। मुस्लिम समाज द्वारा आज ईद उल फितर त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर आज प्रात: मौहल्ला खेड़ा स्थित ईदगाह,पहाड़गंज, आदर्श कालोनी, इंदिरा कालोनी,सीर गोटिया, सुभाष कालोनी, जगतपुरा में हजारों लोगों ने ईद की नमाज अता कर देश व आम जनता के लिए अमन चैन, सुख समृद्धि, आपसी सौहार्द की दुआएं की। नमाज की समाप्ति के पश्चात सभी ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। नमाज शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए व्यापक स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था के प्रबंध किए गए थे। नमाज स्थल व आस पास के स्थानों पर डॉग स्क्वायड एवं बम निरोधक दस्ते द्वारा गहन निरीक्षण किया गया। वहीं पुलिस के साथ ही खुफिया टीम संदिग्ध एवं असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखे रहे। इस दौरान जिलाधिकारी युगल किशोर पंत, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी, एसपी सिटी मनोज कत्याल, एसपी क्राइम चंद्र शेखर घोड़के, एसडीएम प्रत्युष कुमार, कोतवाल विक्रम राठौर, सहित जाहिद रजा रिजवी, हाजी रईस अहमद, इरशाद अंसारी, बाबू अहमद मंसूरी, शाहखान राजशाही, सलीम खां, नबी रजा, खुर्शीद अहमद, परवेज खां, नसीम अहमद, मौलाना तसव्वर नूरी, मो. आरिफ, फरीद मंसूरी, साजिद खान, दानिश खान, नदीम खान, उमर खान आदि मौजूद थे। मुस्लिम समाज के घरों में कई स्वादिष्ट व्यंजन भी परिजनों तथा घर आए मेहमानों को परोसे गए। महिलाओं द्वारा घरों में ईद की नमाज अता की गई। वहीं जगतपुरा व नगर की अन्य मस्जिदों में भी ईद की नमाज अता की गई। जहां सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए गए थे। **हल्द्वानी**- ईद उल फितर त्यौहार यहां बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर आज (शेष पेज सात पर)



# भाजयुमो जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का किया स्वागत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भाजपा जिला कार्यालय बिगवाड़ा में नवगठित भाजपा युवा मोर्चा जिला पदाधिकारियों का जोरदार स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ने सभी का माला पहनाकर स्वागत किया। जिंदल ने कहा हमारे युवा पार्टी की रीढ़ है जो संगठन के कार्यो को पूरी तन्मयता से करने हेतु सदैव तत्पर रहते है, उन्होंने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी और आशा व्यक्त करते हुए कहा आप पार्टी संगठन की रीति नीतियों को ( शेष पेज सात पर)




# पेयजल किल्लत के खिलाफ बर्तन लेकर उतरे सड़कों पर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राजेन्द्र नगर वार्ड 12 में व्याप्त पेजल संकट के विरोध सामाजिक कार्यकर्ता हेमन्त साहू की अगुवाई में स्थानीय महिलाओं पुरुषों ने खाली डिब्बों बर्तनों के साथ जोरदार नारेबाजी करते हुये जल संस्थान के खिलाफ प्रदर्शन किया। साथ ही पेयजल व्यवस्था तत्काल ठीक नही होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। हेमन्त साहू ने कहा क्षेत्र की जनता पानी की बूंद बूंद के लिए दर दर की ठोकरें खा रही है। मोहल्ले में दो दो ट्यूबबेल होने ( शेष पेज सात पर)



# 25 लाख की स्मैक के साथ बरेली का तस्कर दबोचा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कालाढूंगी थाना पुलिस तथा एएनटीएफ ने संयुक्त अभियान में चेकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को अवैध स्मैक सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार अवैध मादक पदार्थों की तस्करी /बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत नंदन सिंह रावत, थानाध्यक्ष कालाढूंगी के नेतृत्व में एएनटीएफ सहित कालाढूंगी पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान नैनीताल रोड स्थित ब्रह्म बूबू मंदिर के गेट के पास कालाढूंगी की ओर जंगलों के बीच बाईक सवार एक नशा तस्कर को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 255 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने स्मैक तथा मोटर साइकिल संख्या यूपी 25 डी ई 1909 को अपने कब्जे में लेकर नशा तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता बृजनंदन पुत्र लालता प्रसाद निवासी बिबनी पोस्ट नौगांव थाना अलीगंज, जिला बरेली बताया। पूछताछ करने पर बृज नंदन ने बताया कि वह अपने ही गांव में अफीम की खेती करता है। जहां से वह स्मैक बनाकर लाता है और हल्द्वानी समेत कुमाऊ के अन्य पहाड़ी क्षेत्रों में तस्करी करता है। वह अल्मोड़ा निवासी तस्कर को नैनीताल रोड के घटगढ़ क्षेत्र में स्मैक की सप्लाई करने की योजना बनाकर निकला था। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत, उनि हरजीत सिंह, एएसआई लखविंदर सिंह, कानि. रविंद्र लाडी, अखिलेश तिवारी व किशन नाथ आदि भी शामिल थे।




# डीएसओ ने ट्रांजिट कैंप में की ताबड़तोड़ छापेमारी

## व्यावसायिक उपयोग होते 16 घरेलू सिलेंडर लिए कब्जे में

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला पूर्ति अधिकारी विपिन कुमार के नेतृत्व में पूर्ति निरीक्षक अनीता तिवारी एवं चंद्र शेखर कांडपाल द्वारा ट्रांजिट कैंप की कई आवासीय कालोनियों व होटल, ढाबों, ठेलियो में ताबड़तोड़ छापेमारी की गई। इस दौरान अनेक व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर घरेलू गैस सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग होते पाया गया। टीम द्वारा ऐसे 16 घरेलू सिलेंडरों को अपने कब्जे में ले लिया गया। जिला पूर्ति अधिकारी विपिन कुमार ने बताया कि ट्रांजिट कैंप में पिछले कुछ दिनों से होटल, ढाबों व ठेलियों सहित अन्य स्थानों पर घरेलू सिलेंडरों का गैर कानूनी तरीके से व्यवसायिक उपयोग होने की शिकायतें मिल रही थीं। जिसे गंभीरता से लेते हुए ऐसे व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की जानकारी एकत्रित की गई। जिसके पश्चात पूर्ति निरीक्षक अनीता तिवारी एवं चंद्र शेखर कांडपाल तथा जीप चालक खड़क सिंह के साथ ट्रांजिट कैंप क्षेत्र ( शेष पेज सात पर)



# काशीपुर में पकड़ी 14.81 ग्राम स्मैक, एक गिरफ्तार

काशीपुर। एसएसपी के निर्देश पर नशे के खिलाफ चलाए अभियान के क्रम में एसओजी टीम ने आईटीआई थाना क्षेत्र से एक संदिग्ध को शक के आधार पर गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लगभग 50 हजार से भी अधिक कीमत की अवैध शराब बरामद किया है। आवश्यक पूछताछ के बाद गिरफ्तार नशा कारोबारी का पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत चालान कर दिया गया। कार्यवाही के बारे में पता चला है कि नशे के गैरकानूनी कारोबार में जुड़े लोगों की धरपकड़ को लेकर एसओजी टीम क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने संदिग्ध हालत में चहलकदमी करते हुए एक युवक को धर दबोचा। पुलिस की कड़ी पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम ग्वार खेड़ा थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी यशवीर पाल पुत्र चुन्नी लाल बताया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एसओजी टीम को 14.81 ग्राम अवैध स्मैक के अलावा 680 रुपए व एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। पुलिस की गाड़ी पूछताछ में पकड़े गए नशा कारोबारी ने बताया कि वह अलग -अलग स्थानों से अवैध इसमें खरीदकर यह क्षेत्र में खुदरा बिक्री किया करता है। आवश्यक पूछताछ के बाद गिरफ्तार नशा कारोबारी का पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत चालान कर दिया गया।



# पैदल मार्ग से केदारनाथ धाम पहुंचे स्वास्थ्य सचिव

## कल छौड़ी, चीरबासा, जंगलचट्टी व रामबाड़ा में किया स्वास्थ्य सुविधाओं का निरीक्षण

रूद्रप्रयाग। विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा का आगाज आज हो गया है। प्रदेश सरकार इस बार चारधाम यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। इस बार तीर्थयात्रियो को यात्रा मार्ग पर पहले से बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। सीएम धामी और स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत के निर्देश पर स्वास्थ्य सचिव डा. आर. राजेश कुमार चारधाम यात्रा मार्ग पर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लेने पैदल मार्ग से केदारनाथ धाम पहुंचे। जहां पर उन्होंने जगह-जगह पर स्वास्थ्य इकाइयों का निरीक्षण किया।स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार बीते रोज रुद्रप्रयाग पहुँचे थे। जहां उन्होंने छौड़ी, चीरबासा, जंगलचट्टी व रामबाड़ा तक चिकित्सा इकाइयों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों को यात्रा से सम्बंधित जरूरी निर्देश भी दिए। इसके साथ ही उन्होंने गुप्तकाशी, सोनप्रयाग, गौरीकुंड समेत अन्य स्थानों पर स्वास्थ्य केंद्रों में व्यवस्थाओं को देखा। जिसके बाद उन्होंने अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए। इस निरीक्षण में स्वास्थ्य सचिव डा. राजेश कुमार ने कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान स्वास्थ्य विभाग ने पूरी तैयारियां कर ली हैं। यात्रा के लिए गाइडलाइन भी जारी कर दी गई है। उन्होंने कहा कि एसओपी में यात्रियों को सुझाव दिया गया है कि वह यात्रा के दौरान अपने शरीर को पहाड़ के



मौसम के अनुकूल बना लें। यदि उन्हें कोई कठिनाई आ रही है तो कुछ समय आराम करें और इसके बाद ही यात्रा करें। स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि सरकार यात्रा में आने वाले सभी श्रद्धालुओं का स्वागत करती है। लेकिन इसके साथ ही ये अपील भी करती है कि 55 साल से अधिक आयु वर्ग के श्रद्धालु यदि किसी बीमारी मसलन शूगर, बीपी, हृदयरोग आदि से ग्रसित हैं तो उसका उल्लेख पहले ही कर दें। उन्होंने कहा कि 104 के माध्यम से ऐसे श्रद्धालुओं की निगरानी की जाएगी।स्वास्थ्य सचिव के मुताबिक इस बार केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर सरकार का विशेष फोकस है। यहां हर किलोमीटर पर मेडिकल रिलीफ पोस्ट बनाई गयी है। चारों धाम में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने केलिए 130 डाक्टरों की तैनाती की गयी है।इसमें डाक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ, आक्सीजन सिलेंडर और दवाएं उपलब्ध होंगी। इस बार यहां प्वाइंट आफ केयर टेस्टिंग डिवाइस होगा। इस डिवाइस से 28 तरह के रोगों की टेस्टिंग हो सकेगी। इसके साथ ही इस बार यात्रा मार्ग पर ऐसे डाक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती की गयी है जो कि हृदय संबंधी रोगों के उपचार और निदान में पारंगत हों।उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा को पूरी तरह से सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए सरकार संकल्पित हैं। यात्रा मार्गों पर यात्रियों को स्वास्थ्य संबंधी कोई परेशानी ना हो इसलिए यात्रा मार्गो पर मौजूद अस्पतालों में डाक्टर, स्टाफ, आक्सीजन सिलेंडर और दवाओं की व्यवस्था की गयी है। इसके अलावा मार्ग पर स्वास्थ्य एटीएम भी लगाए गये हैं। चारधाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के इंतजाम किए गए हैं। केंद्र सरकार की ओर से राज्य को पूरा सहयोग मिल रहा है। इस बार किसी भी यात्री को स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर किसी तरह की परेशानी नहीं होगी।




# बदरी-केदार के कपाटोद्घाटन पर गूंजेंगे अभिलिप्सा पांडा के भजन

## सीएम धामी से मिलीं हर-हर शंभु फेम भजन गायिका

देहरादून। उत्तराखंड में चारधाम यात्रा का आगाज हो गया है वहीं यात्रियों में भारी उत्साह छाया है। भोले के भक्तों की जुबान पर चढ़ चुके लोकप्रिय भजन हर-हर शंभु फेम भजन गायिका अभिलिप्सा पांडा बदरीनाथ और केदारनाथ के कपाट खुलने के अवसर पर भजन प्रस्तुति देंगी। शुक्रवार को उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से उनके सरकारी आवास स्थित कैंप कार्यालय में भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्होंने अपनी गायिकी के द्वारा संगीत जगत में पहचान बनायी है जो युवाओं के लिए भी प्रेरणादायी है।इस अवसर पर श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेन्द्र अजय और अभिलिप्सा के माता पिता भी मौजूद रहे।



केदारनाथ धाम में सजावट और 26 अप्रैल को कपाट खोलने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। यहां हुई बर्फबारी के बाद मनमोहक तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

# रिक्त पदों के अधियाचन में देरी पर सीएस ने दिया विभागों को अल्टीमेटम

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के फरमान पर शासन ने खाली पदों को भरने के लिए जो प्रस्ताव (अधियाचन) मांगे थे, वे विभागों की सुस्ती की वजह से अटक गए हैं। दिव्यांग श्रेणी के पदों के चिन्हांकन में देरी के कारण प्रस्ताव तैयार करने का काम पूरा नहीं हो पाया। मुख्य सचिव ने विभागों के इस सुस्त रवैये पर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने विभागों को एक हफ्ते के भीतर चिन्हांकन कर अधियाचन शासन को भेजने के निर्देश दिए हैं। कार्मिक विभाग को भरोसा है कि अगले एक हफ्ते में विभागों से खाली पदों को भरने के लिए अधियाचन प्राप्त हो जाएंगे, जिन्हें मई में हर हाल में उत्तराखंड लोक सेवा आयोग और उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को भेज दिया जाएगा।प्रदेश सरकार के विभागों, निगमों, बोर्डों, स्वायत्तशासी संस्थाओं, इकाइयों में हजारों की संख्या में पद खाली हैं। मुख्यमंत्री धामी ने नया वित्तीय वर्ष शुरू होने से पहले ही सभी विभागों से भरे जाने वाले जरूरी पदों के प्रस्ताव समय से तैयार कर भेजने के निर्देश दिए थे। विभागों ने प्रस्ताव तैयार कर भी लिए, लेकिन दिव्यांग श्रेणी के पदों के चिन्हांकन की प्रक्रिया समय पर पूरी नहीं हो पाई, जिससे प्रस्ताव लटक गए।विभागों से भर्ती के लिए खाली पदों के प्रस्ताव तेजी से शासन को प्राप्त हों, इसकी मॉनिटरिंग का काम मुख्यमंत्री ने अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को सौंपा था। एसीएस रतूड़ी लगातार समीक्षा कर रहीं थीं। कई विभागों से प्रस्ताव प्राप्त भी हुए। दिव्यांग श्रेणी के पदों के चिन्हांकन का काम समाज कल्याण विभाग करता था। दिव्यांगता की कुछ और श्रेणियां बनाने की वजह से चिन्हांकन प्रक्रिया नए सिरे से पूरी होनी थी। नई व्यवस्था में यह काम कार्मिक विभाग के जिम्मे है। शासन स्तर से सभी विभागों से पदों के चिन्हांकन की प्रक्रिया समय पर पूरा कर आयोगों को भेजे जाने वाले खाली पदों के प्रस्ताव बनाकर प्रेषित करने के निर्देश दिए गए थे। इनमें कई विभागों ने चिन्हांकन की प्रक्रिया में अपेक्षित तेजी नहीं दिखाई।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया ईद उल फितर का पर्व

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के कई पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने आज ईद उल फितर का त्यौहार मिलजुल मनाया। मोर्चा के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता पूर्व प्रदेश मंत्री सलीम खान के आवास आदर्श कालोनी वार्ड 29 में एकत्रित हुए। जहां सभी ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देकर खुशहाली व तरक्की की दुआएं की। सलीम खान ने कहा कि



ईद का त्यौहार समाज में आपसी सौहार्द को बढ़ावा देता है। साथ ही जरूरतमंद लोगों के मदद करने की प्रेरणा भी देता है। उन्होंने सभी को ईद की बधाई देते हुए सभी के लिए दुआएं की। इस मौके पर फैज खान, रिंकू खान, नईम खान, फारुख खान, शाहरुख खान, परवेज खान, नासिर खान,राशिद खान, आमिर खान सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे। इस मौके पर सभी अतिथियों को पकवान खिलाए गए।

# धूमधाम से मनाया गया ईद का त्यौहार

## थाना प्रभारी व एलआईयू उप निरीक्षक को किया सम्मानित

गदरपुर। नगर व क्षेत्र में मुस्लिम समुदाय द्वारा ईद-उल-फितर का त्यौहार हर्षोल्लास एवं आपसी सदभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राजकीय इण्टर कालेज के सामने ईदगाह में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईद की नमाज अता करते हुए देश की कौमी एकता, भाईचारे एवं देश में सर्वत्र अमन चौन की दुआ मांगी। ईदगाह में शहरी इमाम जाने आलम ने नमाज अदा करवायी। इसके उपरान्त लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकवाद दी और मिठाईयां बांटी। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष गुलाम गौस, पूर्व सभासद मोहम्मद आलम,तारिक खां, सिब्ते नबी,मो. उमर,जुवेद अंसारी, इरशाद, शाहनूर अली, आरिफ,तौसिफ रजा,नाजिर हुसैन,जफर अली, शादाब,शाहिद रजा,मुजफर अली,अख्तर अली, हाफिज इकरार,रिज्वान हुसैन, कारी आरिफ, सुबहान अहमद शराफत अली मंसूरी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी राजेश पाण्डेय के दिशा निर्देशन पर ईदगाह के आसपास बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात था। पुलिस प्रशासन द्वारा चाक चौबंद व्यवस्था बनाए रखने को लेकर मुस्लिम समुदाय द्वारा थाना प्रभारी राजेश पाण्डेय,एलआईयू प्रभारी रिजवान खान को शाल औढ़ाकर सम्मानित किया गया। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी ईद का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया सभी समुदाय के लोगों ने गले मिलकर मुस्लिम समुदाय के लोगों को ईद की शुभकामनाएं प्रदान की।



# लापता चालक सकुशल बरामद

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हुआ टैक्सी चालक सकुशल बरामद हो गया। पूछताछ में वह लापता होने बारे में पुलिस को कुछ जानकारी नहीं दे सका। बता दें हल्द्वानी निवसी कार चालक हरीश चन्द्र जोशी दिल्ली गया था। वहां से वह वापस लौट गया। रूद्रपुर में उसने सीएनजी पम्प से सीएनजी भरवाई। इसके पश्चात वह लालपुर पहुंचा और संदिग्ध परिस्थितियों में लातपा हो गया। कार स्वामी तरूण बिष्ट ने रम्पुरा चौकी में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। तब से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। मामले में कई लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया था। टैक्सी चालक हरीश चंद्र शुक्रवार की रात करीब साढ़े नौ बजे अचानक घर पहुंच गया। टैक्सी चालक को लेकर कार मालिक और परिवार के लोग चौकी रम्पुरा पहुंचे। चौकी प्रभारी रम्पुरा अर्जुन गिरी गोस्वामी ने उससे पूछताछ की। चालक को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

Anant Graphics
ANANT GRAPHICS
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
We Deals In
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
More information call us
98377 77818
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड, गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

मकान बिकाऊ
भगत सिंह चौक रूद्रपुर में 15x30 में बना पांच मंजिला कामर्शियल (फ्रीहोल्ड) भवन बिकाऊ है।
संपर्क करें
मो. 7017360462

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# विकास खण्डों में क्षमता विकास कार्यशाला 26 से

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वन्दना ने बताया कि मा0 उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुपालन में ग्रामीण क्षेत्रों में समुचित कूड़ा निस्तारण तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के संग्रहण हेतु जनपद के समस्त ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों हेतु प्रत्येक विकासखण्ड में एक दिवसीय क्षमता विकास कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विकासखण्ड हवालबाग में नोडल अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थिति में दिनॉक 26 अप्रैल को विकासखण्ड सभागार में, विकासखण्ड लमगड़ा में नोडल अधिकारी परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 की उपस्थिति में दिनॉक 27 अप्रैल को विकासखण्ड सभागार में, विकासखण्ड भिकियासैंण में नोडल अधिकारी जिला विकास अधिकारी की उपस्थिति में दिनॉक 28 अप्रैल को विकासखण्ड सभागार में, विकासखण्ड भैसियाछाना में नोडल अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थिति में दिनॉक 02 मई को विकासखण्ड सभागार में, विकासखण्ड द्वाराहाट में नोडल अधिकारी जिला विकास अधिकारी की उपस्थिति में दिनॉक 03 मई को विकासखण्ड सभागार में, विकासखण्ड ताकुला में नोडल अधिकारी परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 की उपस्थिति में दिनॉक 04 मई को तहसील सभागार में, विकासखण्ड ताड़ीखेत में नोडल अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थिति में दिनॉक 08 मई को विकासखण्ड सभागार में, विकासखण्ड धौलादेवी में नोडल अधिकारी परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 की उपस्थिति में दिनॉक 09 मई को विकासखण्ड सभागार में, विकासखण्ड सल्ट में नोडल अधिकारी जिला विकास अधिकारी की उपस्थिति में दिनॉक 10 मई को विकासखण्ड सभागार में, विकासखण्ड स्याल्दे में नोडल अधिकारी जिला विकास अधिकारी की उपस्थिति में 11 मई को विकासखण्ड सभागार में तथा विकासखण्ड चौखुटिया में नोडल अधिकारी परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 की उपस्थिति में दिनॉक 12 मई को विकासखण्ड सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा।उन्होंने बताया कि यह कार्यशाला दो सत्रों में सम्पन्न होगी, प्रथम सत्र में सोर्स सेग्रीमेशन एवं ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन एक्ट में दिये गये प्राविधानों की जानकारी दी जायेगी तथा द्वितीय सत्र में कूड़ा निस्तारण कार्य योजना पर चर्चा की जायेगी। इस कार्यशाला में 15वें वित्त आयोग द्वारा स्वच्छता मद हेतु टायड फण्ड में आंवटित धनराशि के व्यय हेतु किन-किन कार्यों में धनराशि व्यय की जायेगी की जानकारी जिला पंचायतराज अधिकारी तथा अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत द्वारा दी जायेगी। विषय विशेषज्ञ के रूप में स्वजल के कार्मिकों और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के भिज्ञ लोगों द्वारा कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में कूड़ा एकत्रित करने हेतु वाहन मोटर मार्गवार रूट चार्ट की जानकारी प्रधानगणों के साथ साझा की जायेगी उनकी सहमति उपरान्त अन्तिम रूप से रूट चार्ट निर्गत किया जायेगा। इस कार्य का दायित्व अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत अल्मोड़ा की होगी।

# सीओ ने दी यातायात के निमयों की जानकारी

कांडा/बागेश्वर (उद संवाददाता) पुलिस उपाधीक्षक शिवराज सिंह राणा ने कांडा पॉलीटैक्निक व आईटीआई में जाकर छात्र-छात्राओं को बढ़ते अपराधों को लेकर जागरू किया। इसके अलावा यातायात के नियमों की जानकारी दी। नियम का पालन नहीं करने पर होने वाली कार्रवाई के बारे भी बताया। उन्होंने



वर्तमान में बढ़ रहे साइबर क्राइम, ऑनलाइन धोखाधड़ी आदि को लेकर जागरूक किया। किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी या ठगी होने पर शीघ्र ही साइबर हेल्पलाइन नंबर- 1930 पर शिकायत दर्ज कराने को कहा। उत्तराखंड पुलिस द्वारा चलाए जा रहे उत्तराखंड पुलिस एप, गौरा शक्ति एप आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

# मुख्यमंत्री ने सुनी फरियादियों की समस्या

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आये लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकांश जन-समस्याओं एवं शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि आज जो भी जन शिकायतें एवं समस्याओं के लिए पत्र प्राप्त हुए हैं उनको समाधान के लिए शीघ्र संबंधित अधि



कारियों को भेजा जाए। सभी समस्याओं एवं शिकायतों पर हुई कार्यवाही का वे स्वयं भी फीडबैक लेंगे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये कि जिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अनावश्यक रूप से लोगों के कार्यों को अटकाया जा रहा है या विलंब किया जा रहा है उन पर सख्त कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर एडीजी श्री वी. मुरूगेशन, अपर सचिव श्री जगदीश चन्द्र काण्डपाल एवं मुख्यमंत्री कार्यालय के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# सीएम योगी के परिवार की बढ़ाई सुरक्षा

देहरादून। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पौड़ी स्थित घर के बाहर तैनात सुरक्षा गारद को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। पौड़ी के एसएसपी श्वेता चौबे ने बताया कि योगी आदित्यनाथ के पैतृक आवास के बाहर पहले से सुरक्षा व्यवस्था है। सीओ श्रीनगर को गारद की समीक्षा करने और सचेत करने के निर्देश दिए गए हैं। सुरक्षा में कोई बदलाव नहीं किया गया है। बता दें अतीक अहमद हत्याकांड के बाद योगी आदित्यनाथ के बारे में सोशल मीडिया पर तमाम तरह की बातें प्रसारित की जा रही हैं।

# अब उत्पादकों से दूध 43 रुपये की जगह 44 रुपये में खरीदेगा दुग्ध संघ

खटीमा(उद संवाददाता)। ऊधम सिंह नगर दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ ने दुग्ध उत्पादकों को अच्छी खबर दी है। दुग्ध संघ ने उत्पादकों के लिए एक रुपये बढ़ा दिए हैं। खटीमा के दस हजार उत्पादकों को इसका लाभ मिलेगा। संघ अब उत्पादकों से दूध 43 रुपये की जगह 44 रुपये में खरीदेगा। यह बढ़ी हुई दरें एक मई से लागू होगी।शुक्रवार को ऊधम सिंह नगर दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ अध्यक्ष तिलकराज गंभीर ने कहा कि एक मई से खटीमा के 10 हजार उत्पादक जो 450 समितियों के माध्यम से 42000 लीटर दूध प्रतिदिन समिति को सौंपते हैं। उत्पादकों की मेहनत को देखते हुए दुग्ध विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा ने एक रुपये प्रति लीटर दूध का मूल्य बढ़ाए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि उत्पादकों के लिए बढ़ाए गए मूल्य का असर आंचल के उत्पाद लेने वाले उपभोक्ताओं पर नहीं पड़ेगा। गंभीर ने कहा कि दुग्ध संघ बाजार में चार प्रकार के फ्लेवर मिल्क उभोक्ताओं के लिए लांच किए हैं। जिसमें केसर, इलाइची, वनीला एवं रोज फ्लेवर शामिल हैं। इस अवसर पर संघ के प्रधान प्रबंधक डॉ. पीएस नागपाल, प्रबंधक वित्त अशोक मणि त्रिपाठी, प्रभारी पीएंडआई कुंदन प्रसाद, प्रभारी एएच डॉ. सतीश दूबे, प्रभारी एमआईएस अनिल तिवारी मौजूद थे।

# डीएम ने किया साइंस पार्क के कार्यों का निरीक्षण

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना ने स्यालीधार में बन रहे साइंस पार्क के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन साइंस पार्क पहुंचकर विभिन्न जानकारियां प्राप्त की। उन्होंने निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि भवन में रैन वाटर हार्वेस्टिंग के तहत टैंक अनिवार्य रूप से बनाया जाए। साथ ही उन्होंने कार्यदाई संस्था ब्रिडकुल के अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य सरकार से जो धनराशि स्वीकृत हुई है, इसके सभी कार्य समय सीमा के अंतर्गत पूर्ण कर लिए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि साइंस पार्क का संचालन करने हेतु सभी प्रक्रियाएं जल्द पूर्ण की जाएं। उन्होंने यूपीसीएल एवं जल संस्थान के अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि बिजली एवं पानी के संयोजन हेतु आवश्यक कार्यवाही पूर्ण की जाए। इस दौरान परियोजना प्रबंधक ब्रिडकुल आकाश दीप भट्ट समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# दुर्घटना की मजिस्ट्रीयल जांच शुरू

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। उप जिला मजिस्ट्रेट सदर गोपाल सिंह चौहान ने बताया कि दिनॉक 28 मार्च के प्रात: ग्राम भगतोला, राजस्व उप निरीक्षक क्षेत्र ग्वालाकोट, तहसील सोमेश्वर में अल्मोड़ा सोमेश्वर मोटर मार्ग से 100 मी0 नीचे नदी में एक ऑल्टो कार सं0 यू0के0 04बी0 0688 के दुर्घटनाग्रस्त हो गयी, जिसमें एक व्यक्ति मृत पाया गया। उन्होंने बताया कि उक्त वाहन दुर्घटना के कारणों की मजिस्ट्रीयल जॉच हेतु जिला मजिस्ट्रेट के निर्देशानुसार उप जिला मजिस्ट्रेट सदर द्वारा की जा रही है। उप जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि उक्त वाहन दुर्घटना के कारणों के सम्बन्ध में जानकारी रखने वाले सम्बद्व, असम्बद्व या अन्य व्यक्तियों से अपेक्षा की जाती है कि इस विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर अपना लिखित बयान/अभिकथन अथवा मौखिक रूप से किसी भी कार्य दिवस को उप जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय/न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है।

# नई शिक्षा नीति में गुड टीचर्स, गुड टीचिंग मैथड्स, डिफरेंट फोरम्स की जरूरत

मुरादाबाद (उद संवाददाता)। उत्तर प्रदेश लॉ कमीशन के चेयरमैन जस्टिस श्री पीके श्रीवास्तव बोले, यह समय की दरकार है, सोशल जस्टिस और इक्विलिटी को लेकर शिक्षा को आगे बढ़ना होगा। उन्होंने एनईपी-2020 की पुरजोर वकालत करते हुए कहा, इसके क्रियान्वयन को गुड टीचर्स, गुड टीचिंग मैथड्स, डिफरेंट फोरम्स, फॉरेन फैक्लटीज और अधिक से अधिक प्रैक्टिकल टीचिंग पर बल देना आवश्यक है। उन्होंने संविधान की महत्ता पर जोर देते हुए कहा, संविधान की प्रस्तावना को क्लासेज और कॉरिडोर में लगाने से ही संविधानवाद को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने भारतीय संविधान के पंथनिरपेक्षता पर बोलते हुए कहा, आज हर व्यक्ति को अपने मूल कर्तव्यों को ध्यान में रखते हुए देश में समरसता और भाईचारे को बढ़ाने की जरूरत है। जस्टिस श्री श्रीवास्तव ने महिलाओं के विरूद्ध अपमानजनक कृत्यों को त्यागने की पुरजोर वकालत की। जस्टिस श्री पीके श्रीवास्तव तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी की लीडरशिप टाक सीरीज के सेशन-03 में संविधानवाद और शिक्षा प्रणाली पर आयोजित गेस्ट लेक्चर में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। इससे पूर्व मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन करके जस्टिस श्री श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का श्रीगणेश किया। इस मौके पर रजिस्ट्रार डॉ. आदित्य शर्मा, डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, लॉ कॉलेज के डीन प्रो. हरबंश दीक्षित, लॉ कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. एसके सिंह, सीटीएलडी के डारेक्टर प्रो. आरएन कृष्णिया आदि की गरिमामयी मौजूदगी रही। इस मौके पर सभी अतिथियों का बुके देकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। अंत में जस्टिस श्री श्रीवास्तव को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संचालन असिस्टेंट डायरेक्टर एकेडमिक्स श्रीमती नेहा आनन्द ने किया। दूसरी ओर उत्तर प्रदेश लॉ कमीशन के चेयरमैन जस्टिस श्री पीके श्रीवास्तव की तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन के संग उनके आवास संवृद्धि में शिष्टाचार मुलाकात हुई। जस्टिस श्री श्रीवास्तव ने अपने सवा घंटे के सारगर्भित संबोधन में कहा, सभी को कानून की जानकारी आवश्यक है। कानूनी पेशे को मेडिकल पेशे से तुलना विद्यार्थी को भी संविधान की बेसिक जानकारी होनी चाहिए, चाहे स्टुडेंट्स किसी भी स्ट्रीम के हों। उन्हें स्वतंत्रता सेनानियों समेत सभी वरिष्ठों के प्रति आदर का भाव रखना चाहिए।





करते हुए कहा, जिस प्रकार डॉक्टर अपने मरीज का रोग दूर करता है ठीक वैसे ही कोई भी कानूनविद् अपने कानूनी दाव-पेंच से अपने मुवक्किल को राहत दिलाते हैं। ऐसे में वकीलों को संविधान के प्रति संजीदा रहना चाहिए। हर नौकरशाहों को अपनी मानसिकता को बदलना होगा। उन्हें अपने आप को राजा नहीं, बल्कि जनता का सेवक समझना चाहिए। उन्होंने धर्म और न्याय पर बोलते हुए कहा, ब्रिटिश काल के नियमों को त्यागते हुए हमें भारतीय संस्कृति और परम्पराओं के अनुसार धर्म और न्याय का पालन करना चाहिए। सामाजिक और मानवीय विकास की खातिर शांति, न्याय और सुरक्षा अनिवार्य हैं। स्वर्णिम भविष्य के लिए एनईपी-2020 के तहत आजकल छात्रों को डुअल डिग्री की छुट है। वे इसका ईमानदारी से लाभ लें। छात्रों को उच्च शिक्षा के संग-संग समाज और परिवार के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना चाहिए। डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने शिक्षा प्रणाली में संविधान की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों से संविधान के मूल्यों को आत्मसात करने का आहवान किया। तीर्थंकर महावीर कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज के डीन प्रो. हरबंश दीक्षित ने जस्टिस श्री श्रीवास्तव से अपने 32 साल के रिश्तों को साझा करते हुए कहा, जस्टिस श्री श्रीवास्तव ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में बतौर न्यायाधीश अपने कार्यकाल में 200 से भी अधिक महत्वपूर्ण निर्णय सुनाए हैं। ये फैसले संदर्भित केसों में दर्ज हैं। ये अति महत्वपूर्ण फैसले कानून के विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। अंत में रजिस्ट्रार डॉ. आदित्य शर्मा ने मुख्य वक्ता समेत सभी का आभार व्यक्त किया। लीडरशिप टाक सीरीज में फैकल्टीज ज्वाइंट रजिस्ट्रार रिसर्च डॉ. ज्योति पुरी, फिजियोथैरेपी की एचओडी प्रो. शिवानी एम. कौल, फाइन आर्ट्स के प्रिंसिपल डॉ. रविन्द्र देव, फैकल्टी ऑफ एजुकेशन की प्राचार्या प्रो. रश्मि मेहरोत्रा, पैरामेडिकल के वाइस प्रिंसिपल प्रो. नवनीत कुमार, डॉ. मनीष यादव, डॉ. प्रवीन कुमार मल्ल,डॉ. सुशीम शुक्ला, डॉ. अमित वर्मा, डॉ. कृष्ण मोहन मालवीय, डॉ. करिश्मा अग्रवाल, डॉ. ताराचन्द्र, डॉ. प्रदीप कश्यप, डॉ. बीआर मौर्या, योगेश चन्द्र गुप्ता, डालचन्द्र गौतम, बिष्णानंद दुबे, सौरभ बटार, अरणो राज सिंह, मिस राधा के संग-संग दीगर कॉलेजों की फैकल्टीज, रिसर्च स्कॉलर्स, स्टुडेंट्स आदि मौजूद रहे।

# कैंसर की बीमारी को मात देकर सीता बनी आइकॉन

## एक पैर कट जाने के बावजूद नही हारी हिम्मत, नेपाल की सफल डांसर बनकर जीते देश विदेश में कई अवॉर्ड







रुद्रपुर(उद संवाददाता)।सीता सुबेदी नेपाल के तराई क्षेत्र में स्थित चितवन जिले में पली-बढ़ी। अपने परिवार में सबसे बड़ी बेटी के रूप में, उसने अपनी सबसे जरूरी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए डांसर बनने के अपने सपने को ताक पर रख दिया। सीता का कहना था किष्मैं अकादमिक रूप से नृत्य करना चाहती थी, लेकिन मेरे माता-पिता उस समय इसे समझ नहीं पाए,ष वह कहती हैं। छोटी उम्र में ही कैंसर हो गया था तथा एक पैर कट गया था, और उसका सपना टूटने की स्थिति में आ गया लेकिन मैंने हिम्मत नहीं हारी।'कुछ लोगों के प्रोत्साहन के माध्यम से, मैंने सुधा चंद्रन जैसी नर्तकियों के बारे में सुना, जो एक पैर से नृत्य करना जारी रखती हैं, वह याद करती हैं। ष्मुझे तब दृढ़ विश्वास था कि मैं अभी भी नृत्य कर सकती हूं। सीता शिक्षा व्यवस्था में सुधार की वकालत करती हैं। उनका मानना घ्है कि सभी शिक्षार्थियों को पाठ्यक्रम और विश्वविद्यालयों तक पहुंचने में सक्षम होना चाहिए और सरकारों को सक्षम वातावरण बनाना चाहिए-उस भेदभाव से मुक्त जिसका उन्होंने कभी सामना किया था। किसी अन्य व्यक्ति को अकादमिक रूप से नृत्य करने के अपने सपने को हासिल करने के लिए समान कठिनाइयों से नहीं गुजरना चाहिए। सीता ने बताया किमैंने कत्थक सीखना शुरू किया क्योंकि मेरा मानना घ्था कि यह मेरे शरीर के लिए बेहतर है, लेकिन मुझे इसे इन संस्थानों के बाहर करना पड़ा,ष वह कहती हैं। वह ज्यादा दर्द पहुँचाता है। किसी अन्य व्यक्ति को अकादमिक रूप से नृत्य करने के अपने सपने को हासिल करने के लिए समान कठिनाइयों से नहीं गुजरना चाहिए," वह आगे कहती हैं।ष्ये कठिन था। मैंने एक साल से अधिक समय तक सिर्फ ततकार (फुटवर्क) का अभ्यास किया, 'वह याद करती हैं। "कथक का अभ्यास करने पर पुनर्विचार करने के लिए पूरे समय गुरुओं या शिक्षकों का दबाव था। उन्होंने महसूस किया कि डांस करने के लिए मुझे दोनों पैरों की जरूरत है और मेरी हरकतें शास्त्र के खिलाफ गईं।' भारत में इलाहाबाद की प्रयाग संगीत समिति से संबद्ध ललितपुर के कलानिधि इंदिरा संगीत महाविद्यालय में सीता अपने गुरु, रवि राणा मागर से मिलीं। वह कहती हैं, मैं आज जो कुछ भी हूं उनकी और उनकी शिक्षाओं की वजह से हूं। जबकि कई लोगों ने अपने शिष्य में गुरु के विश्वास को चुनौती दी, लेकिन इससे उनका संकल्प नहीं डिगा। "जब मैंने यहां पहली बार घुंघरू पहने, तो मुझे लगा कि घुंघरू मुझे आशीर्वाद दे रहे हैं," वह कहती हैं। अब 150 पीतल की घंटियों के साथ एक जोड़ी पहनती हूँ और एक स्थानीय अकादमी में नृत्य सिखाती हूँ। वह कहती हैं कि हर दिन उनके सपने के करीब होना उन्हें याद दिलाता है कि वह वर्षों तक कुछ भी छोड़ सकती हैं लेकिन अपने नृत्य के लिए अपने प्यार को कभी नहीं छोड़ सकतीं अक्टूबर 2019 में दक्षिण कोरिया के इक्सान शहर मे 'वन वर्ल्ड वन फेमिली' फेस्टिबल मे नेपालकी तरफ से प्रतिनिधित्व किया। इस कार्यक्रम मे 26 देशो ने अपने अपने कला और संस्कृति के लिए भाग लिया था। जब मैं 12 साल की थी उस समय पर मेरे पैर में कैंसर हो गया काफी इलाज किया लेकिन डॉक्टर ने पैर काटने का निर्णय लिया एक बार तो लगा अब मेरा कैरियर समाप्त हो गया लेकिन मैंने अपने अंदर के हुनर को मरने नही दिया तथा संघर्ष करने का फैसला किया जिसमें मेरी जीत भी हुई। अब मैं35 वर्ष की उम्र में भी इस क्षेत्र में सक्रिय हूँ। मैंने दक्षिण कोरिया में विभिन्न चरणों में नेपाल का प्रतिनिधित्व किया। . प्रवासी अरिरंग सांस्कृतिक महोत्सव (एमएएमएफ) दक्षिण कोरिया में बौद्ध अनुष्ठान 'सोदास लास्य नृत्य' नेपाल बौद्ध परिवार के लिए। अंतर्राष्ट्रीय विकलांगता दिवस 2022 (3 दिसंबर 2022 को) नेपाल का प्रतिनिधित्व किया है। यह एक 'फूल उत्सव' था जिसका नारा था 'बियॉन्ड द लिमिट'। हाल ही में मैंने 'सत्यम शिवम सुंदरम' बैंड के रूप में एक गैलेक्सी उत्कृष्टता पुरस्कार का प्रदर्शन किया। फिर से हम बड़े मंच 'नेपाल पर्यटन महोत्सव / कॉन्क्लेव 2080' का प्रदर्शन करते हैं जो पर्यटन वर्ष मनाने के लिए काठमांडू दरबार स्क्वायर बैसाख 1 या 2 में आयोजित किया जाता है। मैं सरकार के पर्यटन विकास कार्यक्रम के लिए प्रदर्शन करके बहुत धन्य महसूस कर रही हूं। अभी 12 अप्रैल को मुझे ग्लैक्सी एक्सीलेंस अवार्ड से भी सम्मानित किया गया है सीता का कहना है कि मेरा एक सपना है। कला के माध्यम से समाज मे सकारात्मक उर्जा को शिक्षा के माध्यम से आगे करना। 'सीता सुवेदी क्लासिक नेपाल फाउंडेशन' के माध्यम से इसे आगे बढ़ना चाहती हूँ।

# आज के बच्चे कल का भविष्य है:प्रमोद आचार्य

## दस दिवसीय लघु व्यक्तित्व विकास शिविर का समापन

काशीपुर(उद संवाददाता)। सूर्या फाउंडेशन आदर्श गांव योजना के अंतर्गत चयनित कार्ययुक्त गांव करनपुर में चल रहे 10 दिवसीय लघु व्यक्तित्व विकास शिविर का समापन माँ भारती,मां



सरस्वती के श्री चरणों में दीप प्रज्वलन कर पुष्प अर्पित करते हुए किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि प्रमोद आसरे, संजीव कुमार, शिव राजवाड़े, रवि सहानी, यसपाल शर्मा, सरस्वती शिशु ज्ञान मंदिर के स्टाफजन व ग्रामवासी उपस्थित रहे। दस दिनों तक चलने वाले इस कैंप में बच्चों को सर्वांगीण विकास हेतु बच्चों को चित्रकला, भाषण, योग कबाड़ से जुगाड़, मिट्टी के खिलौने, पेपर क्राफ्ट, से फूल बनाना जहाज बनाना आदि सीखने को मिलेगा विज्ञान के कुछ छोटे-छोटे प्रयोग आदि को भी सीखने का मौका मिला, बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया पिछले 10 दिनों से विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागी जिसमें बेस्ट कैंपर, कबाड़ से जुगाड़, डायरी लेखन, आर्ट एंड क्राफ्ट, गीत कंपटीशन, सूर्य नमस्कार अन्य विभिन्न कंपटीशन के प्रतिभागियों को गांव के समाजसेवी उतारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया, जिसमे बेस्ट 5 भईया -बहन को पुरस्कृत किया गया साथ ही बच्चों के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जिसमे बच्चों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। संजीव कुमार, सूर्या फाउंडेशन प्रशिक्षण के माध्यम से बच्चों को बचपन काल से ही आत्मनिर्भरता की ओर ले जा रहा है बच्चों को मार्गदर्शन तथा कैंप के बारे में बताया की बच्चों को शिविर के माध्यम से अधिक प्रकार की गतिविधियां बौद्धिक विकास तथा शारीरिक विकास सीखने को मिलेगा विज्ञान के छोटे-छोटे प्रयोग से फूल बनाना बताया जाएगा, इस कैंप में सभी विद्यार्थियों को बढ़-चढ़कर लाभ जरूर लेकर इस मौके का जरूर फायदा लिया है। कबाड़ से जुगाड़ व मानचित्र, शिक्षा के क्षेत्र में विज्ञान के लघु प्रयोग, वर्ग मे सत्र के दौरान प्रैक्टिकल क्लास के साथ विषय को लेकर मार्गदर्शन किया, जिसमें संस्कार केंद्र करणपुर में 60 भैया बहनों ने लघु व्यक्तित्व विकास शिविर में भाग लिया। शिविर के शुभारंभ के दौरान, राजेंद्र हिंदुस्तानी.भरत कुमार, दीपक, सुनील कुमार,गौरव कुमार, सहित शिक्षक बंधु उपस्थित रहे।

# जनकल्याकारी योजनाओं के प्रस्तावों को लेकर किया विचार विमर्श

भीमताल /नैनीताल(उद संवाददाता)। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती बेला तोलिया की अध्यक्षता में भीमताल विकास भवन सभागार में आगामी वर्ष 2023-24 हेतु जिला योजना हेतु प्रस्तावित धनराशि 6498.14 लाख के सापेक्ष जनप्रतिनिधियो एव सदस्य जिला योजना समिति के साथ अपने-अपने क्षेत्र के विकास से सम्बन्धित जनकल्याकारी योजनाओ के प्रस्तावो को उपलब्ध कराने के संबंध में विचार विमर्श एवं चर्चा बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभागवार अधिकारियो ने अपने-अपने विभाग के प्रस्तावित बजट, एवं जनपद में चल रहे निर्माणाधीन विकास कार्यों एवं योजनाओं की विस्तृत रूप से जानकारी माननीय जनप्रतिनिधियों एवं जिला योजना समिति सदस्यो को दी। मुख्य विकास अधिकारी डॉ संदीप तिवारी ने कहा की प्रस्ताव इस प्रकार बनायें जो आमजनमानस के विकास से जुडे हों।कहा गांव में पॉलीहाउस का निर्माण, कृषिकों को समय-समय पर ट्रेनिंग, डेयरी उद्योग को बढावा,पर्वतीय क्षेत्रों मे मत्स्य पालन को बढावा, पोल्ट्री फार्म का निर्माण आदि के प्रस्ताव पर बल दे जिनसे क्षेत्र की आम जनता को स्वरोजगार योजनाओ से जोड कर आत्मनिर्भर बनाया जा सके। इस अवसर विधायक सरिता आर्या, राम सिंह कैड़ा, ब्लॉक प्रमुख हरीश बिष्ट, श्रीमती कमलेश कैड़ा, आशा रानी, जिला योजना समिति के सदस्य, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 भागीरथी जोशी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी डा0 मुकेश सिंह नेगी, अधिशासी अभियंता लोनिवि अशोक चौधरी, सिंचाई एनएस बिष्ट, प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन, जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिडियाल, जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रतीक जोशी, मुख्य कृषि अधिकारी, बीकेएस यादव, जल निगम अधिशासी अभियंता जीएस तोमर, जिला पंचायत राज अधिकारी सुरेश प्रकाश बेनी, एडीएसटीओ कमल मेहरा के साथ ही नगर निगम, नगर पालिका, के अधिकारी एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# एडीएम ने ई चौपाल में सुनी ग्राम सलमता की समस्याएं

रूद्रपुर/सितारगंज(उद संवाददाता)। जनसमस्याओं के निस्तारण हेतु शुक्रवार को अपर जिलाधिकारी जयभारत सिंह ने जिला कार्यालय के सभागार से एक घण्टे 15 मिनट तक चली ई-सामाधन चौपाल के माध्यम से तहसील सितारगंज के सलमता गांव की समस्याएं सुनी।ई-चौपाल में सर्वाधिक समस्याएं सड़क निर्माण, राशनकार्ड, विद्युत पेयजल, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि से सम्बन्धित थी। लड़ैती देवी, ज्योति राणा एवं राजेश्वरी ने अवग कराया कि सफेद राशन कार्ड नही बन पा रहे है, जिस पर अपर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया कि अपात्र लोगों के नाम सफेद राशन कार्ड की सूची से हटाकर पात्र लोगों के नाम दर्ज करें। उन्होने कहा कि ग्राम पंचायत राज अधिकारी एवं प्रधान भी ध्यान दे कि पात्र व्यक्तियों को राशन अवश्य मिले यह हम सबकी जिम्मेदारी है। शेर सिंह ने विद्युत पोल के की आवश्यकता से अवगत कराया जिस पर अपर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश दिये कि स्थलीय निरीक्षण कर प्रस्ताव बनाकर भेजें ताकि शीघ्र अति शीघ्र विद्युत पोल लगाया जा सके। विमला देवी ने शौचालय नही मिलने की बात कही जिस पर अपर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित बीडीओ को निर्देश देते हुए कहा कि पात्र व्यक्तियों से आवेदन कराकर आगे की कार्यवाही शीघ्रता से पूर्ण कर लाभार्थी को लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। इमरती देवी ने कहा कि उनको प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत



आवास नही मिला जिस पर अपर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि मानकों के अनुसार कार्यवाही कर पात्र व्यक्तियों को योजना से लाभान्वित करें। अपर जिलाधिकारी ने ई-चौपाल में अनुपस्थित ग्रामीण निर्माण विभाग, लोक निर्माण विभाग एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। अर्जुन सिंह ने बताया कि पेयजल निगम द्वारा लाईन बिछाने के उपरान्त मार्ग दुरूस्त नही किया गया जिस पर अपर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि विभाग ठेकेदार के द्वारा एक सप्ताह के भीतर मार्ग दुरूस्त करवाना सुनिश्चित करें। मान सिंह ने बताया कि ग्राम के मुख्य मार्ग पर मार्ग के दोनो तरफ अतिक्रमण एवं कूड़ों का ढेर लगा है जिससे आये दिन मार्ग में दुर्घटनाऐं भी होती रहती है, जिस पर गम्भीरता से संज्ञान लेते हुए कहा कि गांव के सचिव, प्रधान सबको प्रयास करना होगा कि कोई भी व्यक्ति सड़क पर कूड़ा न फेकें यदि कोई ऐसा करता है तो उसके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही कार्यवाही सुनिश्चित करें। और लोनिवि सुनिश्चित करें की मार्ग पर अतिक्रमण न हो यादि कोई अतिक्रमण हुआ है तो तत्काल मार्ग को अतिक्रमण से मुक्त करायें। अपर जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जो भी समस्या ई-समाधान चौपाल में आयी है उसे प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान कराना सुनिश्चित करें, जिससे की किसी को भी छोटी-छोटी समस्याओं के लिये अनावश्यक ईधर-उधर चक्कर न लगाना पड़े। ई-चौपाल में उप जिलाधिकारी तुषार सैनी, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध सहित सम्बन्धित अधिकारी वर्चुअल के माध्यम से जुड़े थे।

# शोधार्थियों को गवर्नर्स रिसर्च अवॉर्ड से किया सम्मानित

## पथ प्रदर्शक कार्यक्रम के अन्तर्गत 49 मेधावी छात्रों को प्रदान की गई छात्रवृत्ति

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शुक्रवार को राजभवन में शोध के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 06 शोधार्थियों गवर्नर्स रिसर्च अवॉर्ड से सम्मानित किया। इस दौरान "पथ प्रदर्शक" कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न संस्थानों में अध्ययनरत 49 मेधावी छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्तियां प्रदान की गयी। इसके अलावा कार्यक्रम में प्रदेशभर की 23 सामाजिक व शैक्षणिक संस्थाओं को आर्थिक सहायता भी प्रदान की गयी। गवर्नर्स रिसर्च अवॉर्ड के अन्तर्गत उत्कृष्ट शोध करने वाले विभिन्न संस्थानों के 6 शोधार्थियों को सम्मानित किया गया। जिसके तहत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रथम पुरस्कार डॉ0 अचलेश देवरे सहायक प्राध्यापक दून विश्वविद्यालय, द्वितीय पुरस्कार डॉ0 अनिल कुमार, सहायक प्राध्यापक यूपीईएस एवं तृतीय पुरस्कार डॉ0 सुरेन्द्र सिंह, सहायक प्राध्यापक दून विश्वविद्यालय को प्रदान किया गया। इसके अलावा मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान में प्रथम पुरस्कार डॉ0 श्वेता सूरी, जी.बी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी वि.वि पंतनगर, द्वितीय पुरस्कार डॉ0 ऐश्वर्य प्रताप, दून वि.वि एवं तृतीय पुरस्कार डॉ0 राशि मिश्रा सहायक प्राध्यापक दून विवि को प्रदान किया गया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह(से नि) की विशेष पहल पर वर्ष 2022 में शुरू किए गए "पथ प्रदर्शक" कार्यक्रम के अन्तर्गत पथ प्रदर्शक-2023 में 49 मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्तियां प्रदान की गई। इस कार्यक्रम के माध्यम से केन्द्र सरकार के राजकीय संस्थानों में अध्ययनरत 11 विद्यार्थियों, राज्य सरकार के संस्थानों में व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत 31 विद्यार्थियों एवं विभिन्न संस्थाओं में पढ़ने वाले 07 अनाथ मेधावी छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्तियां प्रदान की गई। पथ प्रदर्शक-2023 कार्यक्रम में कुल 49 मेधावी विद्यार्थियों को राज्यपाल द्वारा कुल 20 लाख 25 हजार रूपये की छात्रवृत्ति वितरित की गई। इसी कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) द्वारा प्रदेश भर के 23 सामाजिक संस्थाओं को



सामाजिक कार्य एवं शैक्षणिक उन्नयन हेतु 16 लाख 32 हजार 197 रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इस दौरान राज्यपाल ने उत्तरकाशी जनपद में मशरूम उत्पादन के क्षेत्र में अभिनव कार्य करने वाली सुश्री दीपिका कैंतुरा को 50 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की। कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सभी रिसर्च स्कॉलर्स एवं मेधावी छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आने वाला समय ज्ञान, विज्ञान एवं अनुसंधान का है। ज्ञान, विज्ञान के बल पर जीवन को सरल और सुगम बनाने के साथ ही विकास और उन्नति को हासिल किया जा सकता है। भारत आज अपने प्रतिभावान शोधार्थियों एवं वैज्ञानिकों के बूते विश्व गुरु बनने की दिशा में अग्रसर है। भारत देश आज विश्व शक्ति के रूप में स्थापित हो रहा है, जिसमें हमारे शोध एवं अनुसंधान का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि भारत अमृतकाल में प्रवेश कर चुका है और इस अमृतकाल में देश को आगे ले जाने की जिम्मेदारी हमारे युवाओं के कंधों पर है। राज्यपाल ने कहा कि आज की हमारी उपलब्धियां हमारे युवाओं के असीमित उत्साह, ऊँचे हौसलों और दृढ़ संकल्प के बल पर ही हासिल हो रही हैं। राज्यपाल ने कहा कि मेधावी छात्र अपने अंदर नेतृत्व की भावना पैदा करें एवं अपने प्रयासों से राष्ट्र व समाज के निर्माण में योगदान दें। राज्यपाल ने कार्यक्रम में मौजूद मेधावी छात्रों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उन्हें अध्ययन के दौरान कभी भी अन्य शैक्षणिक संसाधनों की आवश्यकता होगी तो उसे पूरा करने का प्रयास किया जायेगा।इस दौरान राज्यपाल ने प्रदेश के विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं को उनकी निःस्वार्थ भाव से की जा रही सेवा और जनहित में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। राज्यपाल ने सभी सामाजिक संस्थाओं से अपेक्षा की है कि भविष्य में वे और व्यापक स्तर पर सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम में सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन ने 'गवर्नर्स रिसर्च अवॉर्ड', "पथ प्रदर्शक" छात्रवृत्ति एवं 'सामाजिक संस्थाओं' को दी जाने वाली आर्थिक सहायता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान, जी बी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी वि.वि के कुलपति प्रो0 मनमोहन सिंह चौहान, दून वि.वि की कुलपति प्रो0 सुरेखा डंगवाल, पूर्व कुलपति देव सुमन वि.वि प्रो0 पी.पी.ध्यानी, उप सचिव एन. के. पोखरियाल, अनुसचिव गजेन्द्र नौटियाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वित्त नियंत्रक डॉ0 तृप्ति श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

## व्यक्तित्व विकास पर एक दिवसीय कार्यशाला में सीखे शिक्षण के गुर

बागेश्वर (उद संवाददाता)। कंट्रीवाइड पब्लिक स्कूल बागेश्वर में शिक्षकों की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के व्यावहारिक रूप और शिक्षकों की व्यक्तित्व के विकास पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सीबीएससी की सिटी कोऑर्डिनेटर और विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर आशा तिवारी द्वारा प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण दिया गया। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति के द्वारा कक्षाओं में दी जाने वाली शिक्षा को बाहरी व्यवहारिक ज्ञान से जोड़कर बच्चों के कौशलों का विकास किया जा सकता है।भारत को विश्व गुरु का दर्जा प्राप्त कराने के लिए यह शिक्षा नीति प्रभावशाली है। बच्चों को व्यवहार और अनुभव के द्वारा



शिक्षा देकर उनके कौशलों के विकास का प्रशिक्षण कार्यशाला के द्वारा दिया गया। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका है,शिक्षक छात्रों के चारित्रिक नैतिक और बुद्धिलब्धता का विकास करने का प्रमुख माध्यम होता है, छात्र के कौशल के विकास हेतु विभिन्न सोपानों पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि प्रत्येक सोपान में छात्र का मानसिक रूप से अधिगम प्रक्रिया के प्रति रुचि होना आवश्यक है। जिसे आगामी कक्षाओं में विद्यालय के शिक्षक व्यवहारिक रूप से प्रयोग करेंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार विद्यालय में शिक्षण अधिगम प्रक्रिया प्रारंभ किए जाने के व्यवहारिक रूप के तौर पर आज की प्रयोगशाला महत्वपूर्ण रही।कार्यशाला मेंविद्यालय के शिक्षक मोहन सिंह कुंवर, कुसुमलता शाह,प्रकाश धपोला,भरत शाही,हिमांशु चौबे ,मनोज गढ़िया सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

## जिला योजना की बैठक में आए प्रस्तावों पर चर्चा

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। विकास भवन सभागार में अध्यक्ष जिला पंचायत दीपिका बोहरा की अध्यक्षता में वार्षिक जिला योजना की बैठक आईजी हुई। जिसमे वर्ष 2023-24 पर विचार विमर्श हेतु योजना समिति के सदस्यों, नगर पालिका, नगर पंचायत से निर्वाचित जिला योजना समिति के सदस्यों, राज्य सरकार द्वारा नामित जिला योजना समिति के सदस्यों एवं जनपद के 8 विकासखण्डों के प्रमुख, क्षेत्र पंचायत सदस्यों व जनपद के विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में सदस्यों द्वारा अपने क्षेत्र से संबंधित विभिन्न समस्याओं को जनपदस्तरीय अधिकारियों के सम्मुख रखा गया। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी वरूण चौधरी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को सदस्यों द्वारा जो भी समस्याए सदन में रखी जा रही है उन्हें तत्काल निस्तारित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि इस वित्तीय वर्ष की जिला योजनान्तर्गत साहसिक खेलों आदि को बढ़ावा दिया जायेगा। जिसमें जनपद में पैराग्लाइडिंग, राफटिंग आदि साहिसिक खेलों की गतिविधियों को बढ़ावा दिये जाने हेतु जिला योजनान्तर्गत 2023-24 में प्रस्ताव तैयार करने हेतु पर्यटन विभाग को निर्देश दिए। बैठक में जिला योजना 2023-24 में विभागों से प्राप्त प्रस्तावों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी। इसके अतिरिक्त जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी निरंजन प्रसाद ने जिला योजना की प्राथमिकतायें, विकेन्द्रीकृत नियोजन प्रणाली की नवीन व्यवस्था, केन्द्र



पुरोनिधानित योजनाएं, जिला योजनान्तर्गत जिला योजनान्तर्गत सम्मिलित विभागों, जिला योजना के अंतर्गत सम्मिलित योजनाओं, जिला योजना तैयार करने की विधि, जिला योजना समिति, जिला योजना समिति के कुल सदस्यों, समिति के कर्तव्यों, जिला योजना समिति के सदस्यों के कार्यों, जिला, राज्य, केन्द्र व वाहयसहायतित योजनाओं, जनपद स्तर पर जिला सेक्टर, राज्य सेक्टर, केन्द्र पोषित तथा वाह्य सहायतित योजनाओं, भारत सरकार की सहायता से संचालित कार्यक्रमों, जिला योजना अंतर्गत विभिन्न विभागों में समेकित की जाने वाली योजनाओं का विवरण आदि की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। उक्त संबंध में पावर प्वाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। बैठक में अध्यक्ष जिला पंचायत ने कहा कि समिति के सदस्यों, क्षेत्र प्रमुखों के द्वारा जो भी प्रस्ताव विभागों को उपलब्ध कराये जायेंगे वह वर्ष 2023-24 की योजना में उन्हें अवश्य सम्मिलित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी वरूण चौधरी ने उपस्थित समस्त सदस्य, जिला योजना समिति से अनुरोध किया कि वह शीघ्र ही अपने प्रस्ताव विभागों को उपलब्ध कराये। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी जीवन मोहन दगाड़े, जिला विकास अधिकारी रमा गोस्वामी, उपाध्यक्ष जिला पंचायत कोमल मेहत सहित जिला योजना समिति के सदस्य, ब्लाकों के प्रमुख, विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को विकास कार्यों की मॉनिटरिंग का मेकेनिज्म विकसित करने के दिये निर्देश

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। मण्डलायुक्त दीपक रावत ने कैम्प कार्यालय में मण्डल में लोनिवि, पीएमजीएसवाई विभाग द्वारा 05 करोड़ से अधिक लागत के 46 गतिमान कार्यों की पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से समीक्षा बैठक की। लगभग 740 करोड़ की लागत से 46 योजनाओं पर मण्डल में कार्य गतिमान हैं। समीक्षा बैठक में पीएमजीएसवाई के अधिकारियों द्वारा अल्मोड़ा व बागेश्वर में गतिमान विकास कार्यों की अद्यतन फोटो न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए 27 अप्रैल को अद्यतन फोटो के साथ पुनः बैठक लेने के निर्देश दिए। कहा कि समीक्षा बैठक में विकास कार्यों की फोटो में दिनाँक अंकित होनी चाहिए जिससे फोटो की तारीख तक कार्य की वास्तविक प्रगति पता चल सके। इसके साथ ही आयुक्त ने निर्माणदायी संस्थाओं को स्पष्ट निर्देशित किया है कि आगामी समीक्षा बैठकों में विकास कार्यों की एक सप्ताह से पुरानी फोटो प्रदर्शित न की जाए। बैठक के दौरान श्री रावत ने निर्माणदायी संस्थाओं के अधिकारियों को अपने स्तर पर विकास कार्यों की मॉनिटरिंग का मेकेनिज्म विकसित करने के निर्देश दिए। कहा



कि विभाग विकास कार्यों का प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित करते हुए अपने स्तर पर विभागीय मॉनिटरिंग करे। अधिकारियों को स्वयं समस्त सड़कों, पुलों की अद्यतन जानकारी होनी चाहिए, साथ ही स्वयं भी स्थलीय निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा बैठक में आज सड़कों व पुलों के निर्माण कार्य पूर्ण व अद्यतन प्रगति बताई जायगी उसी के अनुसार आगे की बैठक में समीक्षा की जायगी। लोनिवि के अधिकारियों द्वारा मण्डल में गतिमान समस्त कार्य को निर्धारित समयवधि पर गुणवत्ता के साथ पूर्ण कर दिये जायेंगे। अल्मोड़ा में 8 करोड़ 40 लाख की लागत से सबोली बैंड से तौलबुधानी 24 किमी मोटरमार्ग, 05 करोड़ 95 लाख की लागत से निर्माणधीन 17 किमी टकोली से बलमा बडयूड मंटेना मोटरमार्ग, द्वारहाट के चौखुटिया के अंतर्गत कुकुछीना गर्जिया पैली मोटरमार्ग आदि कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में उप मुख्य अभियंता लोनिवि द्वारा बताया गया कि पिथौरागढ़ के तवाघाट नारायण आश्रम मोटरमार्ग लागत 09 करोड 45 लाख, 27 किमी लम्बाई में ठेकेदार द्वारा धीमी गति से कार्य करने पर 12 लाख का अर्थदण्ड व सेराघाट-बीना मोटरमार्ग का निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर ठेकेदार पर 1.49 लाख की पेनाल्टी भी लगाई गई है। इस अवसर पर लोनोवि के मुख्य अभियंता हल्द्वानी एमपीसीए रावत, अल्मोड़ा ओमप्रकाश, नैनीताल राजेन्द्र, संयुक्त निदेशक राजेन्द्र तिवारी, मुख्य अभियंता पीएमजीएसवाई एस एन सिंह, अधीक्षण अभियंता ज्योलिकोट हर्ष कटियार, अल्मोड़ा आर के सिंह, पिथौरागढ़ एम एस यादव, शेर सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## टोल प्लाजा के डिवाइडर से टकराई कार, तीन लोग घायल

खटीमा (उद संवाददाता)। खटीमा में एक कार पहेनिया टोल प्लाजा के डिवाइडर से टकरा गई। हादसा सामने से आ रही एक वाहन की तेज लाइट की वजह से हुआ। दुर्घटना में कार में सवार तीन लोग घायल हो गए। तीनों को टोल प्लाजा की ऐंबुलेंस से उप जिला चिकित्सालय भर्ती कराया गया। अस्पताल में तीनों का उपचार किया गया। गुरुवार की देर रात को तहसील में कार्यरत लिपिक संजय चौहान अपने दो अन्य साथियों गौरव, विजय पांडेय के साथ सितारंज रोड में कार से जा रहे थे। कर्मियों की कार पहेनिया टोल प्लाजा पर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में कार में सवार तीनों लोग कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को टोल प्लाजा की एंबुलेंस से उप जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। घायलों का उप जिला चिकित्सालय में उपचार चल रहा है। हादसा सामने से आए एक वाहन की तेज लाइट पड़ने से डिवाइडर नहीं दिखाई देना बताया जा रहा है। इस दौरान घायलों का हाल जानने आए एसडीएम रविंद्र सिंह बिष्ट को लोगों ने बताया कि कि टोल प्लाजा में अक्सर लाइट नहीं जलाई जाती इसके अलावा दोनों ओर 500-500 मीटर के दायरे में लगी स्ट्रीट लाइटें भी कई बार नहीं जलती पाई जाती हैं। जिससे टोल प्लाजा क्षेत्र में अक्सर अंधेरा छाया रहता है। यहां होने वाला अंधेरा भी दुर्घटना का कारण बनता है।

## राज्यपाल ने दी 'ईद-उल-फितर' की शुभकामनाएं

देहरादून(उद संवाददाता)।राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने 'ईद-उल-फितर' पर प्रदेशवासियों को विशेषतौर पर मुस्लिम समुदाय को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। त्यौहार की पूर्व संध्या पर प्रेषित अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि हमारे देश में विभिन्न धर्म और समुदायों द्वारा मनाये जाने वाले त्योहार हमें आपस में मिलजुल कर, एक दूसरे की खुशियों को बांटने का अवसर प्रदान करते हैं। 'ईद-उल-फितर' का त्यौहार भी हम सबको प्यार-मोहब्बत, आपसी भाई-चारे तथा समरसता की भावना का संदेश देता है।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## सुरक्षाबलों पर आतंकी हमले

इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि कश्मीर घाटी में आतंकवादियों को पाकिस्तान की ओर से मदद मुहैया कराई जाती है। मगर पिछले सात-आठ सालों में जब वहां लगातार अलगाववादियों और दहशतगर्दों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। उन तक हथियार और पैसे की पहुंच रोकने के तमाम उपाय किए गए हैं।सरकार जम्मू-कश्मीर में दहशतगर्दी पर काबू पाए जाने के चाहे जितने दावे करे, पर हकीकत यही है कि वहां आतंकवादियों का मंसूबा कमजोर नहीं हुआ लगता है। वे समय-समय पर अपनी रणनीति बदलते हैं और घात लगा कर सेना और सुरक्षा बलों पर हमला कर देते हैं। पुंछ में आतंकवादरोधी अभियान में तैनात एक वाहन पर हथगोले से हमला इसका ताजा उदाहरण है। बताया जा रहा है कि दहशतगर्दों ने बारिश और कम दृश्यता का फायदा उठा कर वाहन पर हथगोले फेंके, जिससे आग लगने की वजह से पांच जवान शहीद हो गए और एक गंभीर रूप से घायल है। सरकारी आंकड़ों में बताया जाता है कि घाटी में सतत सघन तलाशी अभियान, आतंकियों को वित्तपोषण करने वालों की पहचान और उनके खिलाफ सख्ती के चलते आतंकवादियों की तादाद काफी कम हो गई है। आतंकवादी हमलों में कमी के आंकड़े भी पेश किए जाते हैं। मगर शायद ही कोई महीना गुजरता है, जब सुरक्षाबलों पर आतंकी हमले की कोई घटना नहीं होती। इसके समांतर घाटी में रह रहे बाहरी लोगों, खासकर कश्मीरी पंडितों को निशाना बना कर हमले किए जाते हैं। यह सब तब हो रहा है, जब सड़क मार्ग के रास्ते पाकिस्तान के साथ तिजारत बंद है, जो दहशतगर्दों तक हथियारों की खेप पहुंचने का बड़ा माध्यम मानी जाती थी। फिर सीमा पर चौकसी पहले से बढ़ी है और अत्याधुनिक उपकरणों से लगातार निगरानी की जाती है। फिर भी उनके पास हथियार, हथगोले और धन पहुंच रहा है, तो निगरानी तंत्र को और पुख्ता बनाने की जरूरत स्वतः रेखांकित होती है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि कश्मीर घाटी में आतंकवादियों को पाकिस्तान की ओर से मदद मुहैया कराई जाती है। मगर पिछले सात-आठ सालों में जब वहां लगातार अलगाववादियों और दहशतगर्दों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। उन तक हथियार और पैसे की पहुंच रोकने के तमाम उपाय किए गए हैं। उनका समर्थन और वित्तपोषण करने वालों को सलाखों के पीछे डाला जा चुका है, उसके बावजूद क्या वजह है कि आतंकवादी न सिर्फ अपनी मौजूदगी बनाए हुए हैं, बल्कि सुरक्षा बलों को चुनौती भी देते रहते हैं। सरकार को इन पहलुओं पर नए सिरे से और व्यावहारिक ढंग से विचार करना चाहिए। इस सच्चाई से आंख नहीं फेरी जा सकती कि बिना स्थानीय समर्थन के आतंकवादी वहां बने रह सकते हैं। जिस दौर में स्थानीय लोगों ने आतंकवादियों को पनाह देनी बंद कर दी थी और वे उनका विरोध करने लगे थे, उस दौरान घाटी में आतंकवादी घटनाओं पर काफी हद तक लगाम लग गई थी। मगर जबसे जम्मू-कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा छिना है, घाटी के लोगों में खासा आक्रोश है। सच्चाई यह भी है कि सरकार वहां के लोगों को अपने फैसले के पक्ष में सहमत कर पाने में सफल नहीं हो पाई है। वहां आम लोगों और हुकूमत के बीच दूरी बढ़ती गई है। संवाद का कोई सिलसिला रह नहीं गया है। रोजगार के नए अवसर पैदा नहीं हो रहे हैं और पारंपरिक रोजगार बाधित है। ऐसे में वहां के युवाओं का गुमराह होना स्वाभाविक है। वे हाथों में हथियार उठा लेते हैं। आंकड़े यह भी बताते हैं कि आतंकी संगठनों में नई भर्तियों को रोकने में अपेक्षित कामयाबी नहीं मिल पाई है। केवल बंदूक के बल पर दहशतगर्दी को रोकने का दावा नहीं किया जा सकता। इस तरह हमारे जवान नाहक आतंक का शिकार बन रहे हैं।

# प्रोजेक्ट टाइगर के 50 वर्षः बाघों की संख्या 268 से बढ़कर 3167 हुई




'प्रोजेक्ट टाइगर' एक बाघ संरक्षण परियोजना है, जिसकी शुरुआत 1 अप्रैल 1973 में माननीय प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी के कार्यकाल में हुई थी। प्रोजेक्ट टाइगर की शुरुआत भारत के प्रथम राष्ट्रीय उद्यान, जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क की ढिकाला रेंज से की गई थी।29 जुलाई को विश्व बाघ दिवस मनाया जाता है। वन्य जीव जंतुओं में बाघ प्रमुख प्रजातियों में से एक है। 1973 में, अधिकारियों ने पाया कि शताब्दी के आरम्भ में बाघों की आबादी अनुमानित 5,000 से घटकर 268 हो गई है। बाघों की आबादी के लिए कई बड़े संकट हैं जैसे व्यापार के लिए अवैध शिकार, संकुचित आवास, शिकार आधार प्रजातियों की कमी, बढ़ती मानव आबादी, आदि। बाघ की खाल का व्यापार और चीनी पारंपरिक दवाओं में उनकी हड्डियों के उपयोग ने, विशेष रूप से एशियाई देशों में बाघों की आबादी को विलुप्ति के कगार पर ला कर छोड़ दिया। चूँकि भारत और नेपाल दुनिया में बाघों की लगभग दो-तिहाई आबादी को आवास प्रदान करते हैं, इसलिए ये दोनों राष्ट्र अवैध शिकार और अवैध व्यापार के प्रमुख लक्ष्य बन गए। बाघ परियोजना, दुनिया में अच्छी तरह से प्रचारित वन्यजीव अभियानों में से एक है। बाघ संरक्षण को केवल एक लुप्तप्राय प्रजाति को बचाने के प्रयास के रूप में ही नहीं, बल्कि बड़े परिमाण के जैव-प्रजातियों को संरक्षित करने के साधन के रूप में समान महत्व के साथ देखा गया है। भारत में कुल 54 टाइगर रिजर्व हैं। उत्तराखंड में जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान, पश्चिम बंगाल में सुंदरवन राष्ट्रीय उद्यान, मध्य प्रदेश में बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान, राजस्थान में सरिस्का राष्ट्रीय उद्यान, असम में मानस राष्ट्रीय उद्यान और केरल में पेरियार राष्ट्रीय उद्यान भारत के कुछ सबसे लोकप्रिय बाघ अभयारण्य हैं।1973 में जहाँ बाघों की संख्या घटकर केवल 268 रह गयी थी, आज प्रोजेक्ट टाइगर के 50 वर्ष पूरे होने पर यह संख्या 3167 हो गयी है। वन विभाग द्वारा कड़ी मेहनत, सुरक्षा और जागरूकता फैलाने के फल स्वरूप ही बाघ संरक्षण और उनकी संख्या को बढ़ाने में सफलता प्राप्त हुई है।

-रूपेश अरोरा (वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर,रूद्रपुर)

# तीर्थयात्रियों के लिए यात्रा के दौरान सुरक्षा हेतु एडवाइजरी जारी

देहरादून। उत्तराखंड में चारधाम यात्रा 22 अप्रैल से शुरू होने वाली है। वहीं मौसम विभाग ने पहाड़ी इलाकों में मौसम खराब रहने का अलर्ट जारी किया है। जिसे देखते हुए सरकार ने यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। बुधवार को स्वास्थ्य विभाग के सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने स्वास्थ्य एडवाइजरी जारी की। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा में समस्त तीर्थ स्थल उच्च हिमालयी क्षेत्र में स्थित हैं, जिनकी ऊंचाई समुद्र तल से 2700 मीटर से भी अधिक है। उन स्थानों में यात्री अत्यधिक ठंड, कम आद्रता, कम हवा का दबाव और कम ऑक्सीजन की मात्रा से प्रभावित हो सकते हैं। इसलिए एडवाइजरी का पालन जरूर करें।देश के कई राज्यों में कोरोना संक्रमण बढ़ रहा है। 22 अप्रैल से प्रदेश में चारधाम यात्रा शुरू हो रही है। जिसमें भारी संख्या में दूसरे राज्यों से श्रद्धालु यात्रा में आएंगे। कोरोना संक्रमण रोकने के लिए यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को कोविड के अनुरूप व्यवहार का पालन करना होगा। जिसमें मास्क पहनना, सैनिटाइजर, कोविड लक्षणों पर जांच शामिल हैं। यात्रा से पहले अपनी यात्रा की योजना कम से कम सात दिनों के लिए बनाएं। खुद को वातावरण के अनुरूप अनुकूलन के लिए समय दें।रोजाना 5-10 मिनट के लिए श्वास व्यायाम का अभ्यास करें। यदि यात्री की आयु 55 वर्ष है या वह हृदय रोग, अस्थमा, उच्च रक्तचाप, या मधुमेह से ग्रस्त है, तो यात्रा के लिए फिटनेस सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य जांच करवाएं। गर्म कपड़े जैसे- ऊनी स्वेटर, थर्मल, मफलर, जैकेट, दस्ताने, मोजे। बारिश से बचाव के यंत्र- रेनकोट, छाता। स्वास्थ्य जांच उपकरण- पल्स ऑक्सीमीटर, थर्मामीटर। हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, अस्थमा, मधुमेह वाले यात्रियों के लिए। सभी जरूरी दवा, परीक्षण उपकरणों और अपने घर के चिकित्सक का संपर्क यात्रा से पहले मौसम रिपोर्ट की जांच करें और अगर आपके डॉक्टर यात्रा न करने की सलाह देते हैं, तो कृपया यात्रा न करें। यदि आप या आपके परिवार के किसी भी सदस्य को सीने में दर्द, सांस की तकलीफ (बात करने में कठिनाई), लगातार खांसी, चक्कर आना / भटकाव (चलने में कठिनाई), उल्टी, बर्फीली/ ठंडी त्वचा, शरीर के एक तरफ कमजोरी / सुन्नता जैसे लक्षणों में से कोई भी महसूस हो रहा है, तो कृपया तुरंत निकटतम चिकित्सा इकाई पर पहुंचें। 55 वर्ष की आयु वाले यात्री, गर्भवती महिलाएं, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, अस्थमा, और मधुमेह के इतिहास वाले यात्री अधिक मोटापे से ग्रस्त (झ 30 बी.एम.आई) कोई भी स्वास्थ्य सम्बंधित आपातकालीन घटना होने पर कृपया हमसे 104 हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें। यात्रा के दौरान शराब, कैफीनयुक्त ड्रिंक्स, नींद की गोलियां और मजबूत/ शक्तिशाली दर्द निवारक दवाओं का सेवन न करें, धूम्रपान से भी बचें। यात्रा के दौरान कम से कम दो लीटर तरल पदार्थ पीएं और भरपूर पौष्टिक आहार लें।



# देहरादून में अंधड़ से टूटे पेड़ और बिजली के पोल

देहरादून। उत्तराखंड में मौसम के करवट बदलने के बाद बीते दो दिन से रुक-रुककर वर्षा-बर्फबारी का क्रम बना हुआ था। वहीं, मैदानी क्षेत्रों में ओलावृष्टि और अंधड़ से दुश्वारियां बढ़ गईं। जगह-जगह पेड़ व विद्युत पोल गिरने से बिजली आपूर्ति और यातायात प्रभावित रहा। उधर, चारधाम में जोरदार बर्फबारी के बाद यात्रा की तैयारियां प्रभावित हो रही हैं। मौसम विभाग के अनुसार आज से मैदानी क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहने के आसार हैं। जबकि, पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की वर्षा-बर्फबारी हो सकती है। दून में गुरुवार रात को गरज के साथ बौछारों का दौर शुरू हुआ। मध्यरात्रि अचानक तेज हवाओं साथ आकाशीय बिजली कड़कने लगी। दून समेत आसपास के क्षेत्रों में देर चले रात अंधड़ से खासी परेशानी हुई।फायर स्टेशन देहरादून को गुरुवार रात करीब 11 बजे से शुक्रवार सुबह 11 बजे तक पेड़ व विद्युत पोल गिरने की कुल 15 सूचनाएं मिलीं। जिस पर जिला अग्निशमन अधिकारी सुनील तिवारी ने चार टीमें गठित कर रवाना कीं। फायर फाइटर की टीम ने प्रेमनगर चौक, मुख्यमंत्री आवास, कुठाल गेट, मालसी, मैक्स अस्पताल, जाखन, राजपुर रोड, विधानसभा रेलवे फाटक के पास, डिफेंस कालोनी, सर्कुलर रोड नियर डालनवाला आदि क्षेत्रों में सड़क पर गिरे पेड़ों को काटकर हटाया।अंधड़ में पेड़ गिरने से यातायात घंटों बाधित रहा। जबकि, कुछ स्थानों पर पेड़ के कारण विद्युत लाइन व पोल क्षतिग्रस्त होने से कई इलाकों में रातभर बत्ती गुल रही। हालांकि, शुक्रवार सुबह ज्यादातर क्षेत्रों में आपूर्ति सुचारू कर दी गई। मसूरी और आसपास के क्षेत्रों में ओलावृष्टि से जनजीवन प्रभावित रहा। मौसम के बदले मिजाज से ज्यादातर क्षेत्रों में पारा सामान्य से नीचे रिकार्ड किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार अगले कुछ दिन पर्वतीय क्षेत्रों में मौसम का मिजाज बदला रह सकता है। उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में हल्की वर्षा और बर्फबारी के आसार हैं। कहीं-कहीं ओलावृष्टि भी हो सकती है। जबकि, ज्यादातर मैदानी क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। कुछ स्थानों पर आंशिक बादल छाये रह सकते हैं।

# बहुद्देशीय एवं चिकित्सा शिविर 25 को

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। मुख्य विकास अधिकारी अंशुल सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी वन्दना के निर्देशानुसार पूर्व मुख्यमंत्री स्व0 हेमवती नन्दन बहुगुणा की 104वीं जयन्ती के अवसर पर 25 अप्रैल, 2023 को हेमवती नन्दन बहुगुणा, स्टेडियम अल्मोड़ा में कार्यक्रम आयोजन नियत किये जाने के फलस्वरूप जन सेवा थीम आधारित बहुउद्देशीय एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाना है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड पुष्कर सिंह धामी एवं कैबिनेट मंत्रीगण द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। उन्होंने बताया कि बहुउद्देशीय शिविर में विभागीय योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं स्आॅल आवंटन एवं अनुश्रवण हेतु मुख्य कृषि अधिकारी को नोडल अधिकारी तथा समाज कल्याण अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने बहुउद्देशीय शिविर एवं चिकित्सा शिविर में समाज कल्याण, महिला कल्याण, स्वास्थ्य, राजस्व, ग्राम्य विकास, बहुउद्देशी वित्त विकास निगम, बाल विकास विभाग, विद्युत विभाग, पेयजल/जल संस्थान, शिक्षा विभाग, लो0नि0वि0, ग्रामीण निर्माण विभाग, उद्यान, कृषि, पशुपालन, सहकारिता, आपूर्ति, उद्योग, पर्यटन, पीएम जीएसवाई, वन, स्वजल, सहित लगभग 32 विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये है कि वे सम्पूर्ण तैयारी के साथ विभागीय योजनाओं की जानकारी व व्यापक प्रचार-प्रसार सम्बन्धित सुविधाओं हेतु अपने-अपने विभागों से सम्बन्धित विभागीय स्टॉल की गुणवत्ता मुख्यमंत्री के गरिमा के अनुरूप लगवाते हुए अधिक से अधिक लाभार्थियों को लाभान्वित किये जाने हेतु विभागीय स्टॉल लगवाना सुनिश्चित करेंगे।वही सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शचि शर्मा ने बताया कि 25 अप्रैल, 2023 को पंचायत भवन नौलाकोट (द्वाराहाट) में प्रातः 11:00 बजे से प्लॉन आफ एक्शन माह अप्रैल, 2023 के अनुक्रम में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया जाना सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस बहुउद्देशीय शिविर में जनसमस्याओं के निराकरण के लिए जनपद स्तरीय अधिकारी सम्पूर्ण तैयारी के साथ स्वयं उपस्थित रहना सुनिश्चित करेंगे तथा विभागीय परियोजना आदि की जानकारी व प्रचार-प्रसार स्टॉल लगवाना सुनिश्चित करेंगे।

# लघुकुंभ का होगा सफल आयोजन

बागेश्वर(उद संवाददाता)।पहली बार कुमाऊ की काशी और महर्षि ऋषियों की तपोस्थली रही बागेश्वर की पवित्र भूमि में पवित्र सरयू नदी के उद्गम स्थल भद्रतुंगा में होने वाले अर्द्ध महाकुम्भ के सफल आयोजन को लेकर बागनाथ मंदिर में आयोजन समिति की बैठक हुई।बैठक में वरिष्ठ नागरिक जन कल्याण न्यास, दानपुर सेवा समिति स्वर्णकार संघ, व्यापार मंडल, बागनाथ मंदिर प्रबंधन कमेटी, पतंजलि समिति के पदाधिकारियों, दशनाम जूना अखाड़ा, सहित विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया, बैठक में निर्णय लिया गया कि इस महाआयोजन के लिए जनसंपर्क अभियान तेज करते हुए जनपद के आम जनों, व्यापारियों, अधिकारी कर्मचारियों, सेवानिवृत वरिष्ठ नागरिकों, जनप्रतिनिधियों का सहयोग लेकर जनता के कल्याणार्थ महायज्ञ को सफल बनाने के लिए बैठक हुई।महाकुंभ के समापन के बाद सभी पदाधिकारीयों ने व्यापक जनसंपर्क अभियान हेतु निकालने, लघुकुम्भ के सफल आयोजन हेतु बागेश्वर बाजार के समस्त व्यापारी बंधुओं ने अपना अमूल्य सहयोग देकर यज्ञ के सफलता हेतु अपनी ओर से सहयोग दिया। बैठक में नगरपालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल, वरिष्ठ नागरिक जन कल्याण मंच के अध्यक्ष दलीप सिंह खेतवाल, सचिव बालादत्त तिवाड़ी, केशवानंद जोशी,लघुकुम्भ आयोजन समिति के सक्रिय पदाधिकारी भगवत सिंह कोरंगा, स्वर्णकार रमेश चंद्र रस्तोगी,दानपुर सेवा समिति के अध्यक्ष मान सिंह देव, पतंजलि के योग शिक्षक केवलानंद जोशी, नवीन लाल साह, भुवन चंद्र कांडपाल, जयंत सिंह भाकुनी, बागनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी नंदन सिंह रावल, पूर्व प्रधानाचार्य विजय किशोर वर्मा,जन शिक्षण संस्थान निदेशक डॉ जितेंद्र तिवारी,एड. राजेश रौतेला,चरण सिंह बघरी, प्रताप सिंह दानू, प्रेम सिंह हरडिया, जसपाल टाकूली, सहित अनेकों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# ऐडवांस पैराग्लाईडिंग प्रशिक्षण के लिये जनपद की टीम हिमांचल रवाना

नैनीताल। जनपद के युवाओं को टैण्डम पैराग्लाईडिंग पायलट बनाने हेतु विभिन्न स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त कराने हेतु जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने अभिनव प्रयास किया है। जिलाधिकारी श्री गर्ब्याल ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के दौरान सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने की सलाह देते हुए दल को शुभकामनाये भी दी। जानकारी देते हुए साहसिक खेल अधिकारी बलवन्त सिंह कपकोटी ने बताया कि जनपद के युवाओं को साहसिक पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से पर्यटन विभाग द्वारा जनपद के 15 युवाओं को बेसिक एवं इण्टरमीडिएट पैराग्लाईडिंग प्रशिक्षण माह नवम्बर 2022 को हिमांचल प्रदेश के बीर-बिल्लिंग में कराया गया था तथा इन युवाओं को निरन्तर अभ्यास कराने के लिए जिलाधिकारी श्री गर्ब्याल के विशेष प्रयासों से जनपद नैनीताल को 07 पैराग्लाईडर समस्त सहायक उपकरणों सहित पर्यटन विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये। बीर-बिल्लिंग में प्रशिक्षित युवाओं द्वारा इन उपकरणों से भीमताल में निरन्तर अभ्यास किया जा रहा है तथा इन अभ्यासरत प्रतिभागियों में से 04 युवाओं को जिलाधिकारी द्वारा प्रोत्साहन उपरान्त बागेश्वर में माह अप्रैल 2023 में आयोजित नेशनल पैराग्लाईडिंग एक्यूरिसी प्रतियोगिता 2023 में भी सफलतापूर्वक प्रतिभाग किया गया। इसी क्रम में 23 अप्रैल से हिमांचल के बीर-बिल्लिंग में ऐडवांस पैराग्लाईडिंग प्रशिक्षण कराया जाना है जिला पर्यटन विकास अधिकारी बृजेश पाण्डेय ने हिमांचल जाने वाले दल को शुभकामना देते हुए रवाना किया। जिसमे मंयक उप्रेती, भरत पोखरिया, दीपक आर्या, कैलाश चन्द्र, तारा दत्त पलड़िया, रोहित कुमार आर्या, रवि मेहरा, मनीष महतोलिया, राजेश पलड़िया, मो0 आसिफ प्रशिक्षणार्थी के रूप में शामिल है। दल की देख-रेख हेतु साहसिक खेल अधिकारी भीमताल को भेजा गया।

# स्थापना दिवस पर पंचमुखी हनुमान जी का हुआ चोला श्रृंगार

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। गल्ला मण्डी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान बालाजी मंदिर कां 15वां स्थापना दिवस शनिवार को हनुमान जी के चोला श्रृंगार के साथ शुरू हो गया। इस मौके पर बाबा भक्तों ने प्रातः श्रद्धाभाव के साथ हनुमान जी को चोला चढ़ाया। इस दौरान भजन कीर्तन से माहौल भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर बाबा भक्त गगन वाधवा ने बताया कि पंचमुखी श्री हनुमान बालाजी मंदिर का स्थापना दिवस हर वर्ष धूमधाम से मनाया जाता है। दिवसीय स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार रात बालाजी महाराज का भव्य दरबार आयोजित होगा जिसमें पूरी रात भजनों के माध्यम से बालाजी महाराज का गुणगान किया जायेगा। रविवार प्रातः गरीब कन्या का विवाह समाजसेवियों के सहयोग से सम्पन्न होगा। श्री वाधवा ने धर्मप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में दरबार में पहुंचने का आहवान किया है।



# कांता सुखीजा के निधन पर शोक व्यक्त

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।उत्तर प्रदेश-उत्तराखण्ड लोकतन्त्र सेनानी संघ के महासचिव एडवोकेट सुभाष छाबड़ा ने उत्तरांचल दर्पण परिवार की शक्ति तथा सम्पादक परमपाल सुखीजा की माताजी श्रीमती कांता सुखीजा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि वे लोकतन्त्र की आवाज उत्तरांचल दर्पण की प्रेरणास्त्रोत थी उनके आशीर्वाद से ही उत्तरांचल दर्पण अखबार आम लोगो की आवाज बन कर लोगों के बीच मे आया वास्तव में उनका निधन सिर्फ सुखीजा परिवार के लिए ही नहीं अपितु पूरे समाज और क्षेत्र की अपूर्णीय क्षति है । लोकतंत्र सेनानी कस्तूरीलाल तागरा व्यापार मंडल सरपरस्त जगदीश कुमार छाबड़ा , समाजसेवी अनिल तागरा , गुरुचरण सिंह पपनेजा,अनिल तागरा,नरेश कुमार सेठ, ओमैक्स सोसायटी के सचिव तथा पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अभिनव छाबड़ा , शिक्षक संघ के नेता गुलाबसिंह सिरोही,जेबी सिंह,अधिवक्ता कमल चिलाना, गुरुबाज सिंह नारंग , संजीव फौगाट , सुरेन्द्र गिरधर,नईममलिक बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष आर पी सिंह , होमी कुरैशी , गौरव बिष्ट , खुभेंन्द्र भान सिंह ,खड्ग सिंह विर्क रवि अरोरा सुनील शर्मा, अश्विनी शर्मा, शुभम शर्मा, नीरज त्यागी , ललित नन्दन बिष्ट, मदनमोहन बिष्ट, लोकतन्त्र सेनानी मुकेश बल्ली चतुर्वेदी , डॉ मनमीत सिंह सरदार परमजीत सिंह चावला,परमजीत मारवाह, जिला उपभोक्ता फोरम की पूर्व सदस्य नीरू छाबड़ा ओमैक्स सोसायटी अध्यक्ष आनंदसिंह नेगी तथा बार सचिव सुशीला मेहता समेत तमाम लोगों ने श्रीमती चंद्रकांता सुखीजा को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## पेज एक का शेष...

**गंगोत्री यमुनोत्री धाम के खुले...**को गंगोत्री धाम में करीब 8 हजार और यमुनोत्री धाम में करीब 5 हजार श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। बड़ी संख्या में श्रद्धालु कपाट खोलने मुहूर्त के समय गंगोत्री धाम पहुंचे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी गंगोत्री धाम पहुंचकर मां गंगा का आशीर्वाद लिया। इससे पूर्व सीएम पुष्कर सिंह धामी ने आज प्रातः माँ यमुना की डोली के श्री यमुनोत्री धाम प्रवास हेतु ग्राम खरसाली से शुभ प्रस्थान के अवसर पर कार्यक्रम में शामिल हुए और पूजा अर्चना कर खुशहाली की कामना की। गंगोत्री के कपाट खुलने की प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हो गई थी। इसके तहत शुक्रवार को मुखबा से मां गंगा की डोली आर्मी बैंड की धुनों के साथ गंगोत्री धाम के लिए रवाना हुई थी। मां गंगा की विदाई के दौरान मुखबा गांव के ग्रामीण भावुक हो गए। शुक्रवार को चारधाम यात्रा औपचारिक रूप से शुरू हुई जबकि यात्रा का विधिवत आगाज शनिवार दोपहर को गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ हुआ। इससे पूर्व शुक्रवार को मां गंगा की भोगमूर्ति को डोली में विराजमान किया गया और मुखबा गांव से डोली को जयकारों के साथ दोपहर 12 बजकर 15 मिनट पर आर्मी बैंड, ढोल दमाऊं और रणसिंगे के साथ गंगोत्री धाम के लिए रवाना किया गया।मुखबा गांव की महिलाओं ने फूल बरसाकर मां गंगा की डोली को विदा किया। इसके बाद तीर्थपुरोहित व श्रद्धालु मां गंगा की डोली के साथ मुखबा से जांगला तक पगडंडी से 7 किमी तक पैदल चलकर गंगोत्री हाईवे पहुंचे। उसके बाद सड़क मार्ग से पैदल भैरो घाटी पहुंचे। यहां भैरो मंदिर में मां गंगा की डोली ने रात्रि विश्राम किया। आज शनिवार सुबह मां गंगा की डोली 8 बजे गंगोत्री धाम के लिए रवाना हुई और अक्षय तृतीया पर दोपहर 12:13 मिनट पर गंगोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। उत्तराखंड में शनिवार को गंगोत्री व यमुनोत्री धामों के कपाट खुलने के साथ ही प्रारंभ होने जा रही चारधाम यात्रा को लेकर धामी सरकार ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इस कड़ी में चारों धामों बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री में प्रतिदिन दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की संख्या सीमित रखने के निर्णय को वापस ले लिया गया है। धामों में दर्शन को संख्या निर्धारित करने को लेकर तीर्थ पुरोहितों के साथ ही चारधाम यात्रा मार्गों से जुड़े कारोबारियों के मध्य से विरोध के सुर उठ रहे थे। इसे देखते हुए सरकार ने यात्रा शुरू होने से एक दिन पहले यह कदम उठाया है। धामों में तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए टोकन व्यवस्था लागू रहेगी। चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण अनिवार्य रहेगा। इसके लिए आनलाइन के साथ ही आफलाइन का विकल्प भी रखा गया है। उधर, शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऋषिकेश से 2200 यात्रियों के पहले जत्थे को गंगोत्री व यमुनोत्री के लिए रवाना किया। प्रदेश की आर्थिकी के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण चारधाम यात्रा को लेकर सरकार फरवरी से ही तैयारियों में जुट गई थी। चारों धामों की यात्रा के लिए पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। 21 फरवरी से आनलाइन पंजीकरण खोले गए हैं। अब तक 16 लाख से अधिक यात्री पंजीकरण करा चुके हैं। इसके साथ ही सरकार ने चारों धामों में प्रतिदिन दर्शन के लिए यात्रियों की संख्या निर्धारित कर दी थी। बदरीनाथ में प्रतिदिन 18000, केदारनाथ में 15000, गंगोत्री में 9500 व यमुनोत्री में 5500 प्रतिदिन की संख्या तय की गई थी। कुछ समय पहले तीर्थ पुरोहितों और चारधाम यात्रा मार्गों से जुड़े कारोबारियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर इस सीमा को हटाने का आग्रह किया था।

**अकीदत के साथ मनायी...**सुबह ईदगाह में नमाज अदा करने के बाद हजारों लोगों ने एक दूसरों को ईद की बधाई देते हुए देश व क्षेत्र की तरक्की एवं समृद्धि की दुआ के साथ अल्लाह ताला से दुआ मांगी गई। ईदगाह के जामा मस्जिद इमाम ने बताया कि ईद की नमाज शांतिपूर्ण पढ़ाई गई और देश विदेश में भाईचारे को लेकर एक पैगाम भी दिया। उन्होंने कहा है कि हल्द्वानी एक परिवार का गुलदस्ता है जिस पर हमेशा भाईचारा प्यार मोहब्बत बनी रहती है। त्यौहार शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा सभी सुरक्षा व्यवस्थाएं की गई थीं। नमाज के बाद विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक, व्यापारिक संगठनों से जुड़े लोगों के साथ ही प्रशासनिक व पुलिस के अधिकारियों ने गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

**पेयजल किल्लत के ...**के बावजूद नहाना धोना तो दूर की बात है पीने के पानी का इंतजाम करना मुश्किल हो रहा है। साहू ने अधिशासी अभियंता से वार्ता कर तत्काल पेयजल व्यवस्था ठीक करने को कहा। अधिशासी तत्काल जेई को मौका मुआएना करने के आदेश जेई दिये।प्रदर्शन करने वालों में शीला श्रीवास्तव, प्रीति आर्या, सरस्वती देवी, सोनी बाल्मीकि, मोहनी गुप्ता, पार्वती आर्या, पनीराम, कृष्ण कुमार, गोलू कुमार आदि थे।

**डीएसओ ने ट्रांजिट कैंप...** के शिवनगर, आजाद नगर, विवेक नगर, संजय नगर, मुख्य बाजार, जगतपुरा, आवास विकास, फुलसुंगा, फुलसुंगी तथा शक्ति विहार इत्यादि क्षेत्रों में स्थित होटल, ढाबों, ठेलियों आदि व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में औचक छापामारी अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान 16 घरेलू गैस सिलेंडर व्यवसायिक उपयोग होते अपने कब्जे में लिए गए। जिनमें 14 सिलेण्डर भारत पेट्रोलियम के तथा 2 सिलेण्डर हिंदुस्तान पेट्रोलियम के शामिल हैं। डीएसओ विपिन कुमार ने बताया कि कब्जे में लिए गए सभी सिलेंडर बोरा गैस इंटरप्राइजेज के सुपुर्द किए गए हैं। उन्होंने बताया घरेलू सिलेंडरों का व्यवसायिक उपयोग रोकने के लिए यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। इधर अभियान चलाए जाने से संपूर्ण ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में घरेलू सिलेण्डर का व्यवसायिक उपयोग करने वालों में अफरा तफरी का माहौल बना रहा। भारी संख्या में लोगों द्वारा अपने होटल, ढाबों व ठेलियों से आनन फानन में घरेलू सिलेण्डर हटा लिए गए। इधर आम जनता ने विभाग द्वारा चलाए गए इस अभियान की सराहना की है। उनका कहना है कि घरेलू सिलेंडरों का व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में उपयोग होने से उपभोक्ताओं को घरेलू सिलेंडरों के मिलने में परेशानियां होती हैं।

**भाजयुमो जिला कार्यकारिणी...**आगे बढ़ाते हुए भारतीय जनता पार्टी को जिला उधम सिंह नगर में ओर मजबूत करने का कार्य करेगे, वही युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत ने भी युवाओं के बीच उपस्थित होकर उनका उत्साह वर्धन किया उन्होंने कहा हमारे युवा कार्यकर्ता बेहद निष्ठावान है जो सदैव संघर्ष करते हुए पूरी ईमानदारी से पार्टी का कार्य करते है, निश्चित रूप से प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी युवा मोर्चा के अध्यक्ष रहे है आज उनका ओजस्वी नेतृत्व से उत्तराखंड विकास की राह पर आगे बढ़ता नजर आ रहा है।। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री अमित नारंग, जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, मोहन तिवारी,किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष धीरेश मिश्रा,नवीन कार्यकारणी में युवा मोर्चा अध्यक्ष शशांक बिष्ट, महामंत्री बिट्टू चौहान, मयंक अग्रवाल, उपाध्यक्ष रजत दीक्षित, हरजीत,मयंक तिवारी,हीरा बोरा,जिला मंत्री अरुण खुराना,सचिन शर्मा, नवजोत सिंह, विशाल चौहान, जिला कोषाध्यक्ष पारस अग्रवाल, जिला मीडिया प्रभारी शंकर विश्वास, जिला सोशल मीडिया प्रभारी अक्षय विश्वास, आई टी प्रभारी अभय गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

